इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 228 | राजनांदगांव, रविवार 06 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## 20 साल बाद मुंबई में एक मंच पर ठाकरे ब्रदर्स, उद्धव बोले- अगर अपनी भाषा के लिए लड़ना गुंडागिरी है, तो हां हम गुंडे हैं

मुंबई। महाराष्ट्र की सियासत में शनिवार का दिन बेहद खास रहा. लंबे समय से जिस तस्वीर को लेकर कयासबाजी चल रही थी वो आज देखने को मिली जब उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एकसाथ एक मंच पर दिखे, वो भी परिवार के साथ. दोनों नेताओं की ओर से संयुक्त रूप से मराठी विजय रैली आयोजित की गई.

इस दौरान राज ठाकरे ने सबसे पहले संबोधित किया और कहा कि जो बाला साहेब ठाकरे या कोई और नहीं कर पाया, उसे देवेंद्र फडणवीस ने कर दिखाया और हमें एक कर दिया.



### उद्धव ठाकरे ने क्या कहा-

हम हनुमान चालीसा, जय श्री राम के विरोधी नहीं हैं, लेकिन आपको मराठी से क्या दिक्कत है? मुंबई की ज़्यादातर ज़मीन अडानी ने हड़प ली है. हमें शर्म आनी चाहिए कि हमारे शहीदों ने मुंबई के लिए अपना खून बहाया और हम अपनी ज़मीन भी नहीं बचा पाए. मुंबई की ज़्यादातर ज़मीन अब अडानी के पास चली जाएगी।

अब वे पूछ रहे हैं कि क्या हम मराठी नहीं हैं? अब हमें यह साबित करने के लिए रक्त परीक्षण करवाना होगा कि हम मराठी हैं? हमें मुंबई मिली, हमने इसके लिए लड़ाई लड़ी, उस समय के राजनेता नहीं चाहते थे कि महाराष्ट्र में मराठी हों.अब केंद्र सरकार कहती है - हिंदी, हिंदू, हिंदुस्तान.हमें हिंदू और हिंदुस्तान तो मंजूर है, लेकिन हिंदी नहीं. हिंदी थोपना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. आपकी सात पीढ़ियां खत्म हो जाएंगी, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। इतने सालों के बाद मैं और राज मंच पर मिले हैं.उन्होंने मुझे आदरणीय उद्धव ठाकरे कहा, इसलिए मेरा कर्तव्य है कि मैं उन्हें ऐसा ही कहूं. राज ने बहुत अच्छा बोला है, इसलिए मुझे नहीं लगता कि मुझे ज्यादा बोलने की जरूरत है. हमारे भाषणों के बजाय एकजुट दिखना जरूरी है.हम साथ रहने के लिए साथ आए हैं। हम (मैं और राज) साथ रहेंगे. हम साथ रहने के लिए साथ आए हैं. इन्होंने इस्तेमाल करो और फेंक दो की नीति शुरू कर दी है.अब हम तुम्हें बाहर निकाल देंगे. तुम सबके स्कूल खोज रहे हो.मोदी किस स्कूल में जाते हैं? हिंदुत्व एकाधिकार नहीं है. हम सबसे ज़्यादा जड़ जमाए हुए हिंदू हैं. आपको हमें हिंदू सिखाने की ज़रूरत नहीं है. मुंबई में 92 के दंगों में मराठी लोगों ने ही हिंदुओं को बचाया था.फडणवीस ने कहा कि वे गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे.लेकिन अगर अपनी भाषा के लिए लड़ना गुंडागिरी है, तो हाँ हम गुंडे हैं।

**राज ठाकरे ने कहा**-अब ये लोग जाति की राजनीति शुरू करेंगे. वे तुम्हें जाति के आधार पर बांट देंगे.वे आपको मराठी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### विजय रैली नहीं, बल्कि शोक का नजारा दिखा, ठाकरे ब्रदर्स की रैली पर सीएम फडणवीस का तंज

महाराष्ट्र की राजनीति में आज एक बड़ी हलचल देखने को मिली। महाराष्ट्र में करीब दो दशक बाद राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे एक मंच पर दिखे। दोनों ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला। इस संयुक्त रैली के बाद सीएम फडणवीस की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। सीएम ने कहा कि संयुक्त रैली में उद्धव ठाकरे ने ''रुदाली'' जैसा भाषण दिया। जानकारी दें कि रुदाली वे महिलाएं होती हैं, जो शोक प्रकट करने के लिए आती हैं। इन महिलाओं को अंतिम संस्कार के दौरान सार्वजनिक रूप से शोक व्यक्त करने के लिए रखा जाता है। महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस ने कहा कि भले की उद्धव ठाकरे इस रैली को जीत का जश्न करार दे रहे हों, लेकिन ये रैली शोक का नजारा रही। इसके साथ ही सीएम फडणवीस ने एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे को दोनों ठाकरे चचेरे भाइयों को फिर से मिलाने का श्रेय देने के लिए धन्यवाद दिया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शुभांशु शुक्ला ने किया हड्डियों पर गुरुत्वाकर्षण के असर का अध्ययन, बीमारियों के इलाज में मिलेगी मदद

नई दिल्ली। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत अभी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर हैं। एक दिन के आराम के बाद वह अपने साथियों के साथ अंतरिक्ष में हड्डियों पर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण (माइक्रोग्रैविटी) के असर का अध्ययन कर रहे हैं। यह प्रयोग यह जानने के लिए किया जा रहा है कि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण की कमी से हड्डियों पर क्या असर पड़ता है और यह जानकारी धरती पर ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की बीमारी) जैसी बीमारियों के उपचार में कैसे मदद कर सकती है।

मिशन के दसवें दिन शुक्ला ने एक और प्रयोग में हिस्सा लिया, जिसमें आईएसएस पर विकिरण (ऊर्जा का उत्सर्जन और उसका एक जगह से दूसरी जगह फैलना) के संपर्क की निगरानी की गई। यह प्रयोग यह जानने के लिए किया गया है कि लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने वाले अंतरिक्ष यात्रियों को विकिरण से कैसे बेहतर सुरक्षा दी जा सकती है।



### अंतरिक्ष में शुभांशु शुक्ला को मिला शक्स कोड नाम

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में जन्मे शुभांशु शुक्ला (39 वर्षीय) एक्सिओम स्पेस की ओर से संचालित 14 दिन की इस अंतरिक्ष यात्रा का हिस्सा हैं। मिशन में उनका कोड नाम शक्स है और वह मिशन के पायलट की भूमिका निभा रहे हैं। इस मिशन की कमान अमेरिका की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पेगी व्हिटसन के हाथों में है। इस टीम में हंगरी के टिबोर कापु और पोलैंड के स्लावोस्ज उजनान्स्की-विस्निएव्स्की मिशन विशेषज्ञ के रूप में शामिल हैं।

### स्पेस माइक्रो एल्गी प्रयोग के लिए अंतरिक्ष में स्थापित किए नमूने

एक्सिओम स्पेस के अनुसार, शुक्ला ने स्पेस माइक्रो एल्गी नामक एक प्रयोग के लिए नमूनों को अंतरिक्ष में स्थापित किया। यह सूक्ष्म जीवाणु भविष्य में अंतरिक्ष में जीवन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं, क्योंकि ये भोजन, ईंधन और सांस लेने लायक ऑक्सीजन देने की क्षमता रखते हैं। लेकिन ऐसा तभी संभव होगा, जब यह समझा जाए कि ये सूक्ष्म जीवाणु अंतरिक्ष में कैसे बढ़ते और खुद को ढालते हैं।

### शुक्ला ने बोन ऑन आईएसएस में लिया हिस्सा

अंतरिक्ष यात्रियों के दल ने बोन ऑन आईएसएस नामक प्रयोग में हिस्सा लिया, जिसमें यह जाना गया कि अंतरिक्ष में हड्डियां कैसे कमजोर होती हैं और पृथ्वी पर वापस आने के बाद उनकी स्थिति कैसे सुधरती है। वैज्ञानिक जैविक संकेतकों का विश्लेषण कर रहे हैं, जो हड्डियों के निर्माण, सूजन और विकास से जुड़े हैं।

### आंकड़ों की मदद से बनाया जा रहा डिजिटल ट्विन

इन आंकड़ों की मदद से एक डिजिटल ट्विन यानी वर्चुअल मॉडल बनाया जा रहा है, जो यह दिखा सकेगा कि किसी अंतरिक्ष यात्री की हड्डियां अंतरिक्ष में कैसे प्रतिक्रिया देती हैं और कैसे ठीक होती हैं। यह व्यक्तिगत तरीका भविष्य में मिशन की योजना बनाते समय अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य जोखिमों का आकलन करने और उनके लिए उपयुक्त समाधान तैयार करने में मदद करेगा। इसका लाभ धरती पर हड्डियों से जुड़ी बीमारियों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इस्राइल ने गाजा पर फिर किए हवाई हमले, 47 की मौत

गाजा। इस्राइल और हमास के बीच लगभग दो साल से चल रहे संघर्ष में गाजा के हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को भी हुए इस्राइली हवाई हमलों में कम से कम 47 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हमले उस समय हुए जब लोग खाना पाने के लिए कतार में खड़े थे। अस्पतालों में घायलों की भरमार है और इलाज के संसाधन कम पड़ रहे हैं। बता दें कि इस्राइल की ओर से ये हमला उस समय हुआ जब हमास ने एक 60 दिन के युद्धविराम प्रस्ताव पर बातचीत शुरू करने की सहमति दी है। इसका मकसद गाजा में राहत सामग्री पहुंचाना और आगे चलकर स्थायी संघर्षविराम की दिशा में कदम बढ़ाना है। हमास के सहयोगी संगठन इस्लामिक जिहाद ने भी इस प्रस्ताव को समर्थन दिया है। साथ ही स्थायी शांति के लिए गारंटी की मांग की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हमास ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)



हमास ने 60 दिन की युद्धविराम वार्ता पर जताई सहमति

## नीरव का भाई नेहल मोदी अमेरिका में गिरफ्तार; सीबीआई-ईडी के प्रत्यर्पण अनुरोध पर कार्रवाई

वॉशिंगटन। भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी के भाई नेहल मोदी को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई और ईडी के प्रत्यर्पण के अनुरोध के बाद उन पर शिकंजा कसा गया है। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, भगोड़े आर्थिक अपराधी नीरव मोदी के भाई को 4 जुलाई को अमेरिकी अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से संयुक्त रूप से किए गए प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद हुई।



अमेरिकी अभियोजन पक्ष की ओर से दर्ज की गई शिकायत के मुताबिक, प्रत्यर्पण की कार्यवाही दो मामलों में की जा रही है- एक मामला धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 की धारा 3 के तहत धन शोधन का और दूसरा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी और 201 के तहत आपराधिक साजिश का। नेहल मोदी पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में वांछित है। यह देश के इतिहास में सबसे बड़े बैंकिंग घोटालों में से एक है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से की गई जांच में नेहल मोदी को नीरव मोदी की आपराधिक आय को वैध बनाने के लिए काम करने वाले अहम शख्स पाया गया था, जो ब्रिटेन से प्रत्यर्पण का भी सामना कर रहा है। नेहल पर आरोप है कि उसने भारतीय कानूनों का उल्लंघन करते हुए शेल कंपनियों और विदेशी लेनदेन के नेटवर्क के जरिए भारी मात्रा में अवैध धन को छिपाने और स्थानांतरित करने में सहायता की। प्रत्यर्पण कार्यवाही के लिए अगली सुनवाई की तारीख 17 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। वह इस दौरान जमानत के लिए आवेदन कर सकता है, जिसका अमेरिकी अभियोजन पक्ष ने विरोध करने की बात कही है।

## अर्जेंटीना में मोदी-मोदी...: प्रधानमंत्री के स्वागत में गूंजे जयकारे; जमकर बजे ढोल; खूब हुआ नृत्य

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 जुलाई तक 5 देशों की यात्रा पर हैं। घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो के बाद पीएम मोदी शनिवार को अर्जेंटीना पहुंचे। पीएम मोदी का भव्य स्वागत हुआ। ब्यूनस आयर्स के होटल में भारत माता की जय, जय श्री राम और मोदी-मोदी के नारे गूंजे। पीएम मोदी ने छोटे बच्चे को गोद में उठाकर खिलाया। महिलाओं ने पीएम के स्वागत में नृत्य किया। भारतीय मूल के अखिलेश वर्मा ने कहा-पीएम मोदी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। हम उन्हें अर्जेंटीना में देखकर खुश हैं।



### अर्जेंटीना राष्ट्रपति से मिलेंगे प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलई से मुलाकात करेंगे। भारत-अर्जेंटीना बिजनेस समिट 2025 में भाग लेंगे और दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से अहम बातचीत होगी। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। भारत और अर्जेंटीना के बीच कई क्षेत्रों जैसे रक्षा, कृषि, ऊर्जा, परमाणु सहयोग, व्यापार और निवेश से जुड़े मुद्दों पर समझौते हो सकते हैं। साथ ही, लिथियम आपूर्ति पर भी एक महत्वपूर्ण सहमति बन सकती है।

### प्रधानमंत्री का कल का कार्यक्रम

प्रधानमंत्री मोदी अपने दो दिवसीय अर्जेंटीना प्रवास पर हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनका अर्जेंटीना का दूसरा दौरा है। इससे पहले वे 2018 में टी 20 सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे थे। रविवार, 6 जुलाई को वे अर्जेंटीना के विदेश मंत्री, व्यापार मंत्री और ऊर्जा मंत्री से मुलाकात करेंगे। चर्चा के प्रमुख बिंदु लिथियम और तरल प्राकृतिक गैस की आपूर्ति रहेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री ब्राजील की यात्रा पर रवाना होंगे, जहां वे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में प्रस्तुति देने वाली कलाकार ज़ीनिया ने कहा, हम इन भारतीय नृत्य शैलियों को प्रस्तुत करने और अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए बहुत मेहनत कर रहे थे। मुझे वाकई खुशी है कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी प्रस्तुति बहुत ध्यान से देखी और हमें बधाई भी दी।

## भाजपा को जल्द मिलेगा नया अध्यक्ष, अंतिम चरण में प्रक्रिया; प्रदेश प्रमुखों की नियुक्ति से रास्ता साफ



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को जल्द ही नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है, क्योंकि पार्टी ने अपने संविधान के अनुसार अधिकांश राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली है। 2024 के लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद से ही पार्टी के भीतर कई संभावित नामों पर चर्चा चल रही है। वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2023 में खत्म हो गया था, लेकिन आम चुनावों को देखते हुए इसे जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था। इस कार्यकाल को दोबारा बढ़ाया गया, जिससे वह अभी तक इस पद पर बने हुए हैं।

पार्टी अब तक 26 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर चुकी है, जिससे राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने का रास्ता साफ हो गया है। इस पद के लिए जिन नामों पर चर्चा हो रही है, उनमें शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव और धर्मेंद्र प्रधान जैसे कुछ केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेता शामिल हैं। इसके अलावा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल और विनोद तावड़े के नाम भी संभावितों में शामिल हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, नया अध्यक्ष चुनते समय तीन (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम साय: बोले- ग्रामीण विकास की रीढ़ की हड्डी हैं पंचायती राज संस्थाएं



रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय शनिवार को राजधानी रायपुर में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों के 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम श्री साय ने कहा कि, पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की रीढ़ की हड्डी हैं। नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों के रूप में आप सभी के पास बहुत बड़ा अवसर और बड़ी जिम्मेदारी है। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो एक व्यक्ति भी पूरे जिले की तस्वीर बदल सकता है।

सीएम श्री साय ने कहा कि लोक कल्याण की भावना से जनता की सेवा करने वालों को जनता स्वयं आगे बढ़ाती है। अपने राजनीतिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने भी अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत पंच के रूप में की थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि राजनीति में आऊंगा। 10 वर्ष की आयु में पिताजी के स्वर्गवास के बाद मेरे कंधों पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी आ गई। मेरा पूरा जीवन संघर्ष में बीता। मैं सरपंच भी बनूंगा, यह मैंने कभी कल्पना नहीं की थी, लेकिन जनता का आशीर्वाद मिला, जिससे विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री के रूप में सेवा का अवसर प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कुछ कर गुजरने के लिए संसाधनों से अधिक महत्वपूर्ण इच्छाशक्ति होती है। जनहित में कार्य करने की सोच से अकेला व्यक्ति भी बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि मुझे जिन प्रेरणादायी लोगों के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हाफिज सईद को भारत को सौंपने के लिए तैयार, बिलावल भुट्टो का बड़ा बयान

नई दिल्ली। पाकिस्तान के नेता और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने आतंकी हाफिज सईद को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। बिलावल भुट्टो ने कहा है कि पाकिस्तान आतंकी हाफिज सईद को सौंपने के लिए तैयार है। भुट्टो ने कहा कि बशर्ते भारत इस प्रक्रिया में सहयोग करे।



बिलावल भुट्टो दरअसल अल जजीरा को इंटरव्यू दे रहे थे। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे लोगों को सद्भावना के संकेत के तौर पर भारत को सौंपा जा सकता है, तो भुट्टो ने कहा कि भारत अगर प्रक्रिया में सहयोग के लिए तैयार हो, तो किसी भी संबंधित व्यक्ति को प्रत्यर्पित करने में कोई बाधा नहीं आएगी। सिर्फ बिलावल भुट्टो ही नहीं, बल्कि वहां की सरकार, सेना और यहां तक कि पूरा पाकिस्तान झूठ बोलने में कोताई नहीं करता। यही वजह है कि जब भारत ने 26/11 (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## खड़गे कल आएंगे छत्तीसगढ़, पूर्व मंत्रियों को भीड़ जुटाने का जिम्मा: कांग्रेस मुख्यालय में हुई तैयारियों की समीक्षा

रायपुर। कांग्रेस अपने बिखरे संगठन को एक करने और कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने के लिए 7 जुलाई को राजधानी में प्रदेश स्तरीय किसान-जवान-संविधान सभा करने जा रही है। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे विशेष रूप से शामिल होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।



प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता जाने के बाद खरगे पहली बार रायपुर आ रहे हैं। इस लिहाज से सभा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यही वजह है कि कांग्रेस सभा में भीड़ जुटाने के लिए पूरी ताकत लगा रही है। इसकी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में वरिष्ठ नेताओं की बैठक भी हुई। इसमें संगठन ने पूर्व मंत्रियों पर भरोसा जताते हुए भीड़ जुटाने की जिमेदारी दी गई है। इसके अलावा व्यवस्था की जिमेदारी भी पूर्व मंत्रियों को दी है। इसके लिए अलग-अलग समितियों का भी गठन किया गया है। सभा के लिए बनाई गई कार्यक्रम आयोजन समिति, प्रचार-प्रसार समिति, कार्यक्रम स्थल समिति, मीडिया कमेटी, सोशल मीडिया कमेटी की बैठक की तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश की सहप्रभारी जरिता लैतफलांग सहित वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कांग्रेस अपने बिखरे संगठन को एक करने और कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने के लिए 7 जुलाई को राजधानी में प्रदेश स्तरीय किसान-जवान-संविधान सभा करने जा रही है। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे विशेष (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सुधार कार्य : जिला चिकित्सालय को ऊपर उठाने युद्ध स्तर पर कार्य जारी





○ डाक्टरों के कक्षों को सामने हाल में किया गया शिफ्ट
○ आसपास के गंदे नालों की सफाई व चौड़ीकरण की दिशा में ध्यान नहीं, बारिश से अस्पताल परिसर होगा जलमग्न

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों बसंतपुर स्थित जिला चिकित्सालय को लगभग ढ़ाई फूट उंचा उठाए जाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। अस्पताल के ओटी से लेकर मरीजों के वार्ड व दवाई स्टोर सहित डाक्टरों के ओपीडी कक्षों को सामने स्थित हाल में शिफ्ट किया गया। जिला चिकित्सालय के एमआरओ डाक्टर महेंद्र प्रसाद ने बताया कि उक्त हाल के सामने हिस्से में पर्ची काउंटर बनाया जा रहा है, ताकि मरीजों को अस्पताल के पुराने पर्ची काउंटर में जाने की जरुरत नहीं होगी। क्योंकि पर्ची काउंटर स्थल से लेकर सभी डाक्टरों के कक्ष सर्जन कक्ष व नर्स कक्ष, अधीक्षक चेंबर सहित अन्य कक्षों को पाटकर उंचा उठाया जा रहा है। शनिवार को इस शिफ्टिंग कार्य के दौरान इंजेक्शन कक्ष की सुविधा नहीं होने से इंजेक्शन लगाने आने वाले मरीजों को भटकते देखा गया।

### कचरा गंदगी से भरा पड़ा हैं आसपास के नाले

बता दें कि बारिश के दिनों में जिला चिकित्सालय में पानी भर जाने के कारण इसे और भी पाटकर उंचा उठाया जा रहा है, लेकिन उक्त अस्पताल में बारिश का पानी भरने की मुख्य समस्या जस की तस बनी हुई है। बताते चलें कि जिला चिकित्सालय के सामने तथा 100 बिस्तर मातृ शिशु अस्पताल के सामने में बहने वाला गंदा नाला आज भी कचरा गंदगी से भरा पड़ा है। इन नालों से गंदा पानी का समुचित रुप से निकासी नहीं होने तथा इसकी चौड़ाई कम होने की वजह से इसका गंदा पानी पूरे अस्पताल परिसर में पसर जाता है। जो कि डाक्टरों की कालोनी में पानी भर जाता है। जिससे डाक्टरों सहित मरीजों को अस्पताल पहुंचने में खासी दिक्कते उठानी पड़ती है। हालांकि अस्पताल के भीतर बारिश का पानी घुसने से बचाने के लिए करोड़ों खर्च कर इस ढ़ाई फूट उंचा उठाया जा रहा है। इसके पहले भी करोड़ों खर्च कर एक फूट उंचा उठाया गया था। इसके बाद भी बारिश के दिनों में आसपास के गंदे नालों का पानी अस्पताल परिसर में घुसने से रोका नहीं जा सका। हास्पीटल के डाक्टरों व नर्सों सहित स्टाफ के लोगो का कहना है कि इतना खर्च करने के बाद भी बारिश में उक्त गंदे नालों का पानी अस्पताल परिसर में पसर कर जलमग्न होने की स्थिति बनी तो वे सभी पानी में खड़े होकर आंदोलन करने से नहीं चुकेंगे। अस्पताल के लोगों का कहना है कि जिला चिकित्सालय को उंचा उठाने के पीछे लाखों-करोड़ों खर्च करने के बजाय आसपास बहने वाले गंदे नालों का गहरीकरण व चौड़ीकरण की जाए व बड़े नाले के मुहाने को और भी चौड़ा की जाए तो अस्पताल परिसर में बारिश का पानी भर ही नहीं पाएगा। हालांकि नगर निगम द्वारा उक्त नालों की चौड़ाई बढ़ाने के लिए सवा तीन करोड़ का प्रस्ताव पास कर लिया गया है, लेकिन काम चालू नहीं होने से परिस्थितियां जस की तस बनी हुई है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 10353 वाहन चालकों पर की कार्यवाही

### वसूला गया 74 लाख 80 हजार का जुर्माना



राजनांदगांव (दावा)। यातायात पुलिस ने विगत 6 माह में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए उनसे 74 लाख 80 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। इस दौरान पुलिस ने 10 हजार 353 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।

बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में निरीक्षक अजय खेस प्रभारी यातायात, निरीक्षक नवरतन कश्यप एवं यातायात टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकां पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया। जिसमें शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले कुल 202 वाहन चालकों से 18 लाख रू. का न्यायालय द्वारा अर्थदण्ड लगाया गया वहीं तेज गति 1026 वाहनों पर कार्यवाही कर 20,62600 रू. जुर्माना वसूला गया।

मॉडिफाई सायलेंसर लगे 13 बुलेट एवं 2 मॉडिफाई डीजे वाहन सहित कुल 15 वाहनों से 75000 रू. जुर्माना वसूला गया। इस कार्रवाई के दौरान काला शीशा लगे 24 वाहनों पर कार्यवाही कर 48000 रू. जुर्माना वसूला गया। दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट 3414 प्रकरण में 1707800 रू. एवं बिना सीट बेल्ट 506 प्रकरणों में 264500 रूपये जुर्माना वसूला गया। इसी तरह नाबालिक वाहन चालकों में 22 प्रकरणों में 23000 रू. जुर्माना वसूला गया। वहीं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर 5209 वाहनों में कार्यवाही कर 14,99,500 रूपये जुर्माना वसूल किया गया।

बताया जाता है कि इस प्रकार कुल 10353 वाहन चालकों से 7480400 रूपये जुर्माना वसूला गया है। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस की सभी वाहन चालकों से अपील है कि ओव्हर स्पीड, शराब सेवन, दुपहिया वाहन में तीन सवारी, दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट वाहन न चलायें, यातायात नियमों का पालन करें। दुर्घटना से बचे एवं सुरक्षित रहे। यातायात व्यवस्था बनाये रखने यातायात पुलिस का सहयोग करें एवं असुविधा से बचे।

### श्रीमती सरस्वती तिवारी का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। सेवानिवृत्ति शिक्षिका श्रीमती सरस्वती तिवारी पत्नी स्वर्गीय ध्रुव प्रकाश तिवारी का राजधानी रायपुर में चिकित्सा के दौरान निधन हो गया। वे जयप्रकाश तिवारी की माता थी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को प्रातः 11:30 बजे छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर ब्राह्मण समाज विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव में आएंगे डॉ. रमन सिंह



श्री साई सेवा धमार्थ संस्थान एवं उमंग गणेश उत्सव समिति का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शहर के हमालपारा में शनि मंदिर रोड में आगामी 10 जुलाई को साई सेवा धमार्थ संस्थान एवं उमंग गणेश उत्सव समिति द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम होंगे जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को आमंत्रित किया गया है। आयोजन के तहत सुबह 7:00 बजे आरती एवं अभिषेक और शाम 7 बजे बाबा की पालकी का आयोजन रखा गया है और दूसरे दिन 11 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे बाबा की प्रसादी भंडारा का आयोजन होगा।

गौरतलब है कि संस्थान एवं समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने रायपुर जाकर डॉ. रमन सिंह से प्रत्यक्ष मुलाकात कर उन्हें आमंत्रण मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। जिसमें डॉ. सिंह ने हामी भरी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष शरद सिन्हा (पार्षद, वार्ड नं. 25), उपाध्यक्ष सुरेश चौरड़िया, सचिव नीरज शर्मा, कोषाध्यक्ष कमलेश अवचट, सह-कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र अवचट, मीडिया प्रभारी मनोज सिन्हा, नवनिर्वाचित सदस्य उमेश यादव, प्रहलाद सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य नितीन अवचट, रितेश शर्मा, विकास, कृष्णा बाबा ठाकुर, दिपक साहू, दिपक गायधने, राहूल गुप्ता, विशेष सहयोग चंदू राठौर, प्रकाश कांकरिया, सदस्यगण सोनू यादव, विजय शर्मा, बंटी गोलछा, ऋषि नामदेव, पप्पू साहू, फिरोज खान, तोरण गायधने, अजय भिमटे, मोनू कांकरिया, अंकालू साहू, शंकर साकूरे, जीतू यादव, गोलू ठाकुर, मयंक अवचट, अश्वनि नागवंशी, संजय सुराना, विनोद राठौर, मोनू रोकड़े, अनूप शर्मा, महेन्द्र सिन्हा, मिणेन्द्र चौबे, सुरेन्द्र शर्मा, गोलू पिल्ले, राजू जाटव, राजेन्द्र परमार, नवी महाराज, नवीन गुप्ता, धीरज शर्मा, आशीष गुप्ता, नरेन्द्र शर्मा एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित रहेंगे।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के.

223-7 267-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक







# दाऊ मंदराजी के नाम पर चौक नामकरण करने हेतु डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपा



लोक कलाकारों, कवि/साहित्यकारों ने नवीन पार्री नाला चौक का नाम दाऊजी के नाम करने उठाई मांग

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ी लोक रंग शैली नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी के नाम पर चौक्क नामकरण हेतु लोक कलाकार एवं कवि साहित्यकारों ने मांग उठाई है और इस संदर्भ में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन भी सौंपा गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. रेखा मेश्राम, वक्फ कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अकरम कुरैशी, वरिष्ठ कवि/साहित्यकार आत्माराम कोशा अमात्य, साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू, छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के सचिव मानसिंह मौलिक, पवन यादव पहुना, नाचा कलाकार चतुर सिंह बजरंग, छन्नू लाल नत्थन दास, लोकगायक महादेव हिरवानी, मनहरण साहू आदि के द्वारा डाक्टर्स-डे के अवसर पर डॉ. रमन सिंह पर पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।

छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राज भाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा 'अमात्य' ने ज्ञापन में कहा है कि शहर में एक प्रतिष्ठित चौक को दुर्गा चौक का नाम देने वाले नाचा के भीष्म पितामह दाऊ मंदराजी के नाम पर न कहीं चौक व चौराहों का नामकरण किया गया है। जबकि छत्तीसगढ़ की सरकार नाचा कला के लिए अपना सर्वस्व त्याग देने वाले मंदराजी दाऊजी के नाम पर प्रतिवर्ष 2 लाख रुपए का पुरस्कार प्रदान करती है। ऐसे कला-पुरोधा के नाम पर संस्कारधानी कही जाने वाली नगरी में कहीं कुछ भी नहीं है।

### पार्रीनाला चौक का नामकरण दाऊ के नाम पर

श्री कोशा द्वारा कहा गया कि अतः जी ई रोड में सीआईटी कालेज समीप पार्री नाला के पास बने नवीन विशाल चौक का नाम दाऊ मंदराजी के नाम पर किया जाए। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि मंदराजी दाऊ के नाम पर अंचल के लोक कलाकारों द्वारा प्रति वर्ष 1 अप्रैल को कन्हारपुरी/रवेली में धूमधाम के साथ मंदराजी जयंती का आयोजन किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में लोक कलाकारों के साथ जनप्रतिनिधिगण भी शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि दुर्ग, भिलाई, रायपुर क्षेत्र से आने वाले लोगों व कलाकारों का जीई रोड से दाऊ मंदराजी की जन्मभूमि व कर्म भूमि ग्राम कन्हारपुरी व रवेली जाने के लिए यही एक प्रमुख रास्ता है। अतः उक्त चौक का नामकरण दाऊ मंदराजी के नाम पर किए जाने में कोई हर्ज नहीं है।


# मंच संचालक समिति एवं कलाकारों ने दी दीपक साहू को श्रद्धांजलि



राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों मंच संचालक समिति छत्तीसगढ़ के निवर्तमान प्रदेश सलाहकार एवं राजनांदगांव जिला इकाई के निवर्तमान अध्यक्ष छोटू साहू सिंघोलिया के ज्येष्ठ पुत्र दीपक साहू का अस्वस्थता के चलते आकस्मिक निधन हो गया। निधन का समाचार सुनते ही सिंघोला सहित आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है।

जानकारी मिलते ही शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने व दीपक साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करने बड़ी संख्या में मंच संचालक एवं लोक कलाकार सिंघोला में उपस्थित हुए। इस अवसर पर धरोहर लोक मंच के संचालक एवं लोक गायक महादेव हिरवानी, स्वर धारा के संचालक एवं गायक विष्णु कश्यप, लोक गायक वासुदेव साहू, खुमान साव संगीत अकादमी के संचालक गोविंद साव, लोक कलाकार रोहित चंदेल, उमेश पनरिया, साकेत साहित्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष लखनलाल साहू 'लहर' जनपद प्रतिनिधि राकेश सिंघोलिया,उद्घोषक नरेश सोनवान, भूपेंद्र निषाद, रोशन साहू, धनंजय साहू, साहिल, सोहन साहू, हरीश, जितेंद्र साहू, तीरथ यादव, अमित कुमार, दुष्यंत देशमुख सहित बड़ी संख्या में मंच संचालक समिति प्रदेश के पदाधिकारियों एवं लोक कलाकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दीपक साहू के आकस्मिक निधन को अपूरणीय क्षति बताया।

# आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती मंडल स्तर पर मनाएगी जिला भाजपा



मंडल पर वक्ता तय किए गए

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के पितृ पुरुष एवं जनसंघ के आधार स्तंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को जिला भाजपा मंडल स्तर पर मनाने जा रही है। इस तारतम्य में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश भाजपा के आह्वान पर जिला संयोजक किशुन यदु, सह संयोजक रामकुमार गुप्ता, जैन कुमार मेश्राम ने सभी 16 मंडलों के वक्ता संगठन की सहमति से तय कर दिए हैं। जिसके अनुसार राजनांदगांव उत्तर व दक्षिण मंडल में सुबह 11 बजे जिला भाजपा कार्यालय राजनंदगांव मुख्य वक्ता कोमल सिंह राजपूत राजनांदगांव ग्रामीण मंडल पूर्व सुबह 11 बजे सामुदायिक भवन सुरगी मुख्य वक्ता नीलू शर्मा, ग्रामीण मंडल पश्चिम सुबह 11 बजे सामुदायिक भवन सिंघोला मुख्य वक्ता खूबचंद पारख, डोंगरगढ़ शहर मंडल सुबह 11 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ मुख्य वक्ता रामजी भारती, डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल दोपहर 1 सामुदायिक भवन बिजनापुर मुख्य वक्ता सुरेंद्र सिंह बन्नोआना एवं सुनील जैन, घुमका मंडल दोपहर 11 बजे सामुदायिक भवन घुमका मुख्य वक्ता अतुल रायजादा, तिलई मंडल दोपहर 1 बजे देवांगन भवन तिलई मुख्य वक्ता मूलचंद लोधी, डोंगरगांव मंडल दोपहर 12 बजे यादव भवन डोंगरगांव मुख्य वक्ता दिनेश गांधी, अर्जुनी मंडल में दोपहर 3 बजे अटल समरसता भवन अर्जुनी मुख्य वक्ता मधुसूदन यादव, रामकुमार गुप्ता, तुमड़ीबोड मंडल दोप. 2 बजे पटेल भवन तुमड़ीबोड़ मुख्य वक्ता गिरवर साहू, मुसरा मुरमुंदा मंडल दोप. 1 बजे साहू भवन मुरमुंदा मुख्य वक्ता कैलाश शर्मा, लाल बहादुर नगर मंडल दोपहर 1 बजे सामुदायिक भवन लाल बहादुर नगर मुख्य वक्ता विनोद खांडेकर, छुरिया मंडल दोपहर 2 बजे साहू धर्मशाला छुरिया मुख्य वक्ता एमडी ठाकुर, चंद्रिका डड़सेना, कुमरदा मंडल दोपहर 3 बजे आदिवासी हल्वा भवन कुमरदा मुख्य वक्ता लक्ष्मी नारायण गुप्ता, गैंदाटोला में सुबह 11 बजे सामुदायिक भान गैंदाटोला मुख्य वक्ता हिरेंद्र साहू, जिला भाजपा के महामंत्री रविंद्र वैष्णव, सौरभ कोठारी एवं राजेंद्र गोलछा ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित का आह्वान किया है।

### न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)

**धारा 6 (2) देखिये**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है, कि पक्षकारगण श्री विवेक कुमार पटेल आ. श्री सखाराम पटेल, निवासी ग्राम भांटापारा, डोंगरगांव, वार्ड नंबर-11, तहसील व थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) एवं आवेदिका अंजली टण्डन आ. भागसिंह टण्डन, निवासी ग्राम बोधीटोला, वार्ड नंबर-11, तहसील व थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक-4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 23/07/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

जारी दिनांक :- 20/06/2025
पेशी तारीख :- 23/07/2025

**अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202506092100045 अ/6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है अपीलार्थी परवीन सिंग भाटिया वल्द स्व. अजित सिंग भाटिया, जाति सिक्ख, निवासी वार्ड नंबर 15, डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि विक्रेता जसबीर सिंग वल्द स्व. सोहन सिंग भाटिया जाति सिक्ख उम्र 59 वर्ष निवासी वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव के अधिकार एवं आधिपत्य की भूमि नजूल शहर बुधवारीपारा वार्ड नं. 15 डोंगरगढ़ में स्थित शीट क्रमांक 06 भूखण्ड क्रंमाक 1811/20 का क्षेत्रफल 875 वर्गफुट लगान 2.25 पैसा है, जिसे विक्रेता के द्वारा विधिवत् मुझ क्रेता परवीन सिंग भाटिया वल्द स्व. अजित सिंग भाटिया जाति सिक्ख उम्र 39 वर्ष निवासी वार्ड नं. 15 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनादंगाव (छ.ग.) के पक्ष में उप पंजीयक कार्यालय डोंगरगढ़ में विक्रय पत्र के माध्यम से पंजीयन कराया गया है, जिसका पुस्तक क्रमांक 1 ग्रंथ क्रमांक 3153 में पृष्ठ 57 से 75 तक विलेख क्रमांक CG-2024-25-127-1-2287 पंजीयन दिनांक 21/03/2025 को पंजीबद्ध है। विक्रेतागण के द्वारा विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय की गई भूमि का मेरे द्वारा आज दिनांक तक अपने नाम से नामातंरण नहीं कराया गया है, जिस कारण से मेरे नाम से नामातंरण किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 16/07/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डोंगरगढ़ (छ.ग.)**


# पानी टैंकर से टकराया बाइक चालक, युवक गंभीर




राजनांदगांव (दावा)। शुक्रवार शनिवार की दरमियानी रात लगभग साढ़े 11 बजे राम दरबार चौक के पास खड़ी पानी टैंकर ट्रेक्टर से एक तेज रफ्तार बाइक सवार टकरा गया। इस घटना में 35 वर्षीय बाईक सवार के चेहरे व शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी चोटें आई हैं। बाईक सवार खून से लथपथ हो कर गिर जाने से उसे तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हास्पीटल ले जाया गया।

कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त दुर्घटना में ज़ख्मी व्यक्ति के उपचार के लिए थाने से निरीक्षक निक्की चंद्रेश को भेजा गया था। जिनके द्वारा ज़ख्मी व्यक्ति को हास्पीलाइड करा कर वापस लौट आया। इस दौरान उसके परिजन हास्पीटल में उपस्थित रहे। निरीक्षक चंद्रेश ने बताया कि समीप ही नेहरू नगर निवासी कपिल नारायण त्रिपाठी उम्र 35 वर्ष अपने बाइक क्रमांक सीजी-08/जी 0754 से शहर की ओर से घर नेहरू नगर की ओर लौट रहा था। इस दौरान राम दरबार चौक के पास सर्विस रोड में खड़े पानी टैंकर ट्रेक्टर के पिछले हिस्से में जा कर टकरा गया। इस घटना में उसको गहरी चोटें आई हैं। पुलिस द्वारा उसे ले जाकर मेडिकल कॉलेज हास्पीटल में एडमिट कराया गया जहां उसकी हालत अब ठीक बताई जाती है।

# अधिकार भाव से नहीं कर्तव्य भाव से लक्ष्य की प्राप्ति होगी - जिपं सीईओ सुरुचि सिंह



डोंगरगढ़ (दावा)। स्वास्थ्य विभाग के सभी कार्यक्रमों में शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करने हेतु मितानिन भवन में विकासखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी संकुल से चयनित मितानिन, प्रशिक्षक, ब्लॉक समन्वयक एवं एसपीएस बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कलेक्टर डॉक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने समन्वय, सहयोग, समाधान के आधार पर कार्य करने का मार्गदर्शन टिप के रूप में जिला बैठक में प्रदान किया था।जिसकी जानकारी बैठक में मितानिन बहनों को दी गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम को शत् प्रतिशत आगामी लक्ष्य बनाकर पूर्ण करना है।जिसमें प्रमुख रूप से पूर्ण टीकाकरण, गर्भवती माता, संस्थागत प्रसव, कुपोषित बच्चे, हाईएस्ट मदर, प्रेगनेंसी न्यूट्रिशन, एनीमिया, आयुष्मान कार्ड एवं अन्य महामारी के लक्ष्य को शत-शत पूरा करने के लिए सभी मितानिन को अधिकार भाव से नहीं बल्कि कर्तव्य भाव से सेवा कर लक्ष्य की प्राप्ति किया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन एवं डीपीएम संदीप ताम्रकार ने मितानिनों की सक्रियता पर संतोष व्यक्त करते हुए इसमें और गति प्रदान करने की बात कही। उक्त जानकारी सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल श्रीवास्तव मितानिन कार्यक्रम ने दिया। उन्होंने कहा कि सफलता एवं असफलता हमारे किए गए प्रयत्न पर निर्भर करता है। सुश्री सुरुचि सिंह के दिशा निर्देश पर पोटइका पहल कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती माता, मौसमी बीमारी, तिरंगा भोजन, आयरन फोलिक एसिड दवा, व्यापक परीक्षण, बच्चों के हीमोग्लोबिन परीक्षण के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक विषयों पर बृहद चर्चा की गई।

## संसदीय रिपोर्टिंग पर कार्यशाला: सीएम साय ने पत्रकारों के योगदान को सराहा, बोले- विधानसभा कार्यवाही को लोगों तक पहुंचाने में अहम भूमिका



रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने शनिवार को विधानसभा परिसर के प्रेक्षागृह में संसदीय रिपोर्टिंग विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य और विधानसभा के रजत जयंती वर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश विधानसभा ने भी 25 वर्षों की गौरवमयी यात्रा पूरी की है और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि हाल ही में विधायकों के लिए भी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था, जिसका लाभ हमारे सदस्यों को मिला है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में अनेक नवनिर्वाचित विधायक भी हैं, जिनकी यह जिम्मेदारी है कि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में उठाएं। इसी तरह पत्रकारों की भी अहम भूमिका है, जो विधानसभा की गतिविधियों को जनता तक पहुंचाते हैं।

उन्होंने कहा कि आप सभी पत्रकार बंधु बड़ी मेहनत से विधानसभा की कार्यवाही को कवर करते हैं, जिससे आमजन यह जान पाते हैं कि विधायकों द्वारा उनके मुद्दों को गंभीरता से उठाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा उत्कृष्ट पत्रकारों को सम्मानित करने की परंपरा को भी सराहा और कहा कि इससे पत्रकारों का मनोबल बढ़ता है और संसदीय रिपोर्टिंग को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह कार्यशाला पत्रकारों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी और इसके माध्यम से विधानसभा की गतिविधियां और अधिक प्रभावी रूप से जनता तक पहुंचेंगी।

### विधानसभा अध्यक्ष बोले- छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा में पत्रकारों का योगदान अतुलनीय

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने संबोधन में संसदीय पत्रकारिता की महत्ता बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा में पत्रकारों का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने कहा कि संसदीय पत्रकारिता अत्यंत संवेदनशील दायित्व है, जो सदन की गोपनीयता, अनुशासन और गरिमा को बनाए रखते हुए जनता तक सटीक एवं निष्पक्ष जानकारी पहुंचाने का कार्य करती है। डॉ. सिंह ने कहा कि पत्रकार जब पक्ष-विपक्ष से परे रहकर निष्पक्ष रूप से विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन करते हैं और उसे प्रस्तुत करते हैं, तब लोकतंत्र मजबूत होता है।

उन्होंने कहा कि संसदीय प्रणाली की गहरी समझ से ही पत्रकार बेहतर ढंग से जनता को विधानसभा की गतिविधियों से अवगत करा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संसदीय पत्रकारिता में विशेष रूप से विधानसभा की प्रक्रिया से जुड़े समाचारों को सरल भाषा में प्रस्तुत करना आवश्यक है, ताकि आमजन तक वे प्रभावी ढंग से पहुंच सकें। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ एवं दिवंगत पत्रकारों का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि प्रदेश की पत्रकारिता परंपरा ने सदैव विधानसभा की गरिमा बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् लखोली में बने आवासों में अवैध रूप से रह रहे लोगों से मुलाकात कर कहा नियमानुसार आबंटन हेतु करें आवेदन- महापौर



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव द्वारा आज वार्ड निरीक्षण की कडी में लखोली क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 32,33 एवं 35 का निरीक्षण कर वार्डवासियों से मुलाकात कर पानी सफाई के संबंध में चर्चा किए और वार्ड में व्यवस्था सुदृढ़ करने तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किए।

वार्ड नं. 32 व 33 निरीक्षण के दौरान संजय नगर तथा बैगापारा में वार्डवासियों से रूबरू हो कुछ घरो में पानी कम आने की शिकायत पर पानी आने के समय निरीक्षण कर निराकरण करने के निर्देश दिए। पानी भरान क्षेत्र में पानी निकासी की व्यवस्था के अलावा ग्रामीण वार्ड को ध्यान में रखकर समुचित साफसफाई करने कहा। सरेखिन तालाब सौन्दर्यीकरण के लिए राज्य प्रवर्तित योजनान्तर्गत प्रस्ताव तैयार करने अधिकारी को निर्देश दिए। सामुदायिक भवन एवं मंच निर्माण की मांग पर स्टीमेट तैयार करने कहा। वही वार्ड नं. 35 संतोषी नगर तालाब में टो वाल तथा नाली के शेष कार्य पूर्ण करने कार्यवाही करने कहा। उन्होने कहा कि, बरसात को ध्यान में रखकर मौसमी बिमारी के रोकथाम के लिए सघन बस्ती में साफ सफाई एवं पानी निकासी की व्यवस्था करें तथा नाली नालों की सफाई कराए।

महापौर श्री यादव लखोली उप स्वास्थ्य केन्द्र का जायजा लेकर व्यवस्था एवं दवा की उपलब्धता की जानकारी लिए। उन्होने कहा कि, मौसमी बिमारी डेन्गु मलेरिया की रोकथाम के लिए लोगो को उपाए करने समझाईस देवे बिमार व्यक्तियों का ईलाज कर उन्हे सावधानी के उपाए बताए लोगो में जागरूकता लावें।

महापौर श्री यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत लखोली में बने आवासों का निरीक्षण कर अवैध रूप से निवासरत् लोगो से कहा कि, आवास के लिए निगम के आवेदन करें। जिससे शासन के नियमानुसार आबंटन किया जायेगा। राशि जमा करने परिस्थिति अनुरूप समय दिया जायेगा। उन्होने कहा कि, शासन की योजना का शासन नियमों के अनुसार ही क्रियान्वयन किया जाता है। योजना का लाभ लेने नियमों का पालन करना अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री डीलेश्वर प्रसाद साहू, पार्षद श्रीमती गिरजा संतोष निर्मलकर, श्रीमती रीना सिन्हा, श्रीमती चन्द्रिका साहू, संतोष साहू, उर्दु एकाडमी के पूर्व अध्यक्ष अकरम कुरैशी, पूर्व नामांकित पार्षद हकीम खान, समाजसेवी राजू डागा सहित उपअभियंता अशोक देवांगन तथा वार्डवासी उपस्थित थे।

## आज मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा मोहर्रम पर दिग्विजय कॉलेज के सामना से निकाला जाएगा ताजिया



**हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में होगा नात व अखाड़े का प्रदर्शन**

राजनांदगांव (दावा)। मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 6 जुलाई रविवार को मोहर्रम के अवसर पर कर्बला के शहीद हजरत इमाम हुसैन की याद में श्रद्धापूर्वक ताजिया रखा गया है। इस संबंध में पंचायत अध्यक्ष सिकंदर गौरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार ताजिया अटल सैय्यद बाबा की मजार से निकलकर दिग्विजय कॉलेज के सामने रखा जाएगा। इस अवसर पर हुसैनी यादों को जीवंत करने के लिए हिंदुस्तान के प्रख्यात नातख्वान इमाम हुसैन की शहादत की याद में नात प्रस्तुत करेंगे। साथ ही हैदरी अखाड़ा अपनी पारंपरिक एवं आकर्षक अखाड़ा प्रस्तुति देगा। जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं और नागरिकों से अनुरोध किया है कि 6 जुलाई को शाम 4 बजे से रात 10 बजे के मध्य दिग्विजय कॉलेज परिसर में पहुंचकर ताजिए की जियारत करें और इस पवित्र अवसर पर शरीक होकर अपनी हाजिरी दर्ज कराएं। इस आयोजन को लेकर मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और कार्यक्रम को शांति, श्रद्धा एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने की अपील की गई है।

## अर्जुनी ढ़ाबा में मारपीट सहित चाकूबाजी के मामले में हुई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



**शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु असमाजिक तत्वों पर पुलिस का डंडा**

डोंगरगांव (दावा)। शहर सहित थाना क्षेत्र डोंगरगांव के अंतर्गत असामाजिक तत्वों के द्वारा मारपीट, चाकूबाजी सहित अन्य मामलों में पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है।

प्राप्त जानकारी अनुसार 5 जुलाई शनिवार को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश और थाना प्रभारी अवनीश श्रीवास के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही जा रही है। इसी अभियान के तहत शहर में शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध की घटना घटित होने की अंदेशा पर 10 अपराधियों/बदमाश के विरूद्ध धारा- 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है।

बता दें कि विगत दिनों अर्जुनी ढ़ाबा में मारपीट हुई थी और तोड़फोड़ किया गया था। इसके साथ ही चाकूबाजी और अन्य मामलों में आरोपियों के विरुद्ध यह कार्यवाही की गई। जिसमें कलीराम पिता विसाबुराम निषाद उम्र 43 साल निवासी सिंगारपुर, कुलेश्वर पिता भुवन नेताम उम्र 30 साल निवासी सिंगारपुर, तुलेश्वर पिता रेवाराम निषाद उम्र 30 साल निवासी सिंगारपुर, खिलेन्द्र पिता बलीराम निषाद उम्र 18 साल निवासी सिंगारपुर, लोकेश पिता गिरवरराम निषाद उम्र 22 साल निवासी सिंगारपुर, मोनूराम पिता संतोष निषाद उम्र 26 साल निवासी सिंगारपुर, परमेश्वर पिता हिरालाल यादव उम्र 22 साल निवासी सिंगारपुर, श्रवण पिता गोपाल यादव उम्र 32 साल निवासी अटल आवास डोगरगांव, सुजल पिता विक्की मोंगरे उम्र 18 साल निवासी इंदामरा आवास थाना डोगरगांव तथा वितेश पिता दिनेश देवांगन उम्र 19 साल निवासी बोधीटोला डोगरगांव पर कार्यवाही की गई है। उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरी. विरेन्द्र मनहर, सउनि अनिल झा, महिला प्र.आर. विनिता पैकरा, आर. गौरव शेंडे, दीपक भोई की भूमिका सराहनिय रही।

## पुलिस द्वारा सोमनी क्षेत्र के फैक्ट्री संचालकों का ली गई बैठक



**बाहर से आए मजदूरों की जानकारी हेतु दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र में अपराधों की आई बाढ़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र के सभी फेक्ट्री संचालकों को थाने बुलाकर एक आवश्यक मीटिंग ली गई। इस मीटिंग में बाहर से आए मजदूरों की पूलिस के समक्ष समुचित जानकारी दिए जाने सहित उन्हें निर्देशित किया गया कि वे अपने संस्थान में काम करने वाले हर बाहरी मजदूर का पूर्ण विवरण (नाम, पता, पहचान पत्र की प्रति) दर्ज करें। फैक्ट्री संचालकों को बताया गया कि बाहर से आए मजदूरों का पुलिस सत्यापन कराना अनिवार्य है ताकि किसी भी आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति को काम पर नहीं रखा जा सके। सभी मजदूरों का विवरण फैक्ट्री में लिखित व डिजिटल रूप में संरक्षित किया जाये जो आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन को उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही उन्हें यह भी कहा गया कि रोजाना मजदूरों की उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज हो।

### फैक्ट्री परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे

पुलिस द्वारा बैठक में फैक्ट्री संचालकों को फैक्ट्री परिसर एवं आस-पास सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कहा गया है, जिससे सुरक्षा को बेहतर बनाया जा सके। वहीं किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना थाना सोमनी को देने के निर्देश दिए गये। बैठक में संचालकों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि बिना वैध दस्तावेजों वाले प्रवासी मजदूरों को रोजगार न दें, उनकी सूचना थाना सोमनी को तत्काल देवे, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। सभी संचालकों से कहा गया कि वे मजदूरों के साथ सम्मानपूर्ण व्यवहार करें तथा किसी प्रकार का शोषण न हो।

बताते चलें कि सोमनी थाना क्षेत्र में आए दिन हो रही आपराधिक घटनाओं के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सोमनी उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव द्वारा थाना सोमनी परिसर में थाना सोमनी क्षेत्र अंतर्गत स्थित फैक्ट्री संचालको का बैठक लिया गया, बैठक में संचालकों को फैक्ट्री में कार्य करने वाले मजदूरों की सूची आवश्यक दस्तावेज आधारकार्ड के साथ थाना को उपलब्ध कराने एवं बाहर से काम करने आने वाले की सूचना देने, आवश्यक सूरक्षा व्यवस्था फैक्ट्री में काम करने वालो को उपलब्ध कराने तथा पुलिस का सहयोग करने के संबंध में हिदायत दिया गया। यह बैठक मजदूरों की सुरक्षा एवं शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई थी। उक्त बैठक में फैक्ट्री संचालकों द्वारा निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया गया।

## कलेक्टर ने ग्राम अंजोरा और सुकुलदैहान में समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यो का किया निरीक्षण



**कलेक्टर ने वृंदावन ग्राम अंजोरा में लगाया आम का पौधा**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे आज शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति का जायजा लेने के लिए राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम अंजोरा और ग्राम सुकुलदैहान पहुंचे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने वृंदावन ग्राम अंजोरा में आम का पौधा रोपण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम पंचायत अंजोरा में महिला स्वसहायता समूह सदस्यों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों गुरूचंदन, गोपीचंदन, रोली कुमकुम जैसे अन्य उत्पादों को अवलोकन किया तथा समूह के सदस्यों एवं संकुल संगठन से आय-व्यय व सदस्यों को हो रहे लाभ के संबंध में चर्चा की। उन्होंने ग्राम अंजोरा में श्री गणेशा हर्बल गुलाल यूनिट में पीपीपी मॉडल के तहत समूह की महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे गुलाल, रोली, चंदन, कुमकुम, पूजन सामग्री के साथ ही व्यापक स्तर पर किए जा रहे पैकेजिंग यूनिट को देखा। वे स्वसहायता समूह एवं संकुल संगठन की महिलाओं से रूबरू हुए। समूह की महिलाओं ने उन्हें बताया कि स्थानीय स्तर पर उन्हें रोजगार मिल गया है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम सुकुलदैहान में बिहान स्वर्ण उपज महिला किसान उत्पादक कंपनी के प्रसंस्करण इकाई स्थापना के प्रगतिरत कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने स्वर्ण उपज महिला कृषक उत्पादक कंपनी लिमिटेड का चना कलेक्शन केन्द्र के पूर्ण होने की प्रगति, यूनिट को आगे बढ़ाने, प्रोडक्ट के मार्केटिंग के संबंध में चर्चा की। उन्होंने प्रोसेसिंग यूनिट के प्रगतिरत कार्य को पूर्ण करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सरपंच अंजोरा तोरण लाल ध्रुर्वे, सरपंच सुकुलदैहान श्रीमती सरस्वती चंद्रवंशी, सीईओ जनपद पंचायत मनीष साहू सहित अन्य अधिकारी, महिला समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

## शक्तिधाम के स्थापना दिवस पर रकदान करने लोगों का उमड़ा हुजूम



राजनांदगांव(दावा)। शहर के वार्ड नंबर 1 स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में आज 6वां स्थापना दिवस भक्तिमय माहौल में धूमधाम से मनाया गया। प्रातः मां काली की अघोर महाआरती पश्चात वृक्षारोपण, रक्तदान एवं आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया, जहां आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. प्रज्ञा सक्सेना एवं उनकी टीम ने सेवाएं दी। स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्राम सहित दूर दराज से आये लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया, वहीं रक्तदान में दूर-दराज से आये माता के भक्तों ने ब?-चढ़ कर हिस्सा लिए।

आज शहर के बाबुटोला वार्ड नंबर 1 स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में 6वां स्थापना दिवस भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में राजनांदगांव-डोंगरगढ़ रेलवे क्षेत्र की निरीक्षक आरपीएफ एवं प्रसिद्ध पंडवाणी गायिका श्रीमती तरुणा साहू व चिचोला टीआई नरेश कुमार बंजारे उपस्थित रहे। उन्होंने मां काली की पूजा-अर्चना पश्चात वृक्षारोपण कर मंदिर समिति के स्थापना दिवस पर शुभकामनायें दी एवं उज्वल भविष्य की कामना की।

मंदिर समिति के संस्थापक गुरुदेव हरीश यादव ने रक्तदान कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया, वहीं लालबाग आरक्षक राजकुमार बंजारे ने भी रक्तदान कर इस आयोजन की सराहना की। शक्तिधाम महाकाली मंदिर के प्रधान संस्थापक व मुख्य पुजारी गुरुदेव हरीश यादव ने बताया कि इस वर्ष शक्तिधाम के स्थापना दिवस पर प्रातः मां महाकाली की आरती पश्चात छाया प्रदान करने वाले वृक्षों का रोपण किया गया। समिति के सदस्यों सहित दूर दराज से आये माता के भक्तों ने 61 यूनिट ब्लड डोनेट किये। समिति द्वारा आयुर्वेद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसे लोगों का अच्छा प्रतिफल मिला। ग्राम सहित आसपास ग्रामों के लगभग 100 से ज्यादा लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. प्रज्ञा सक्सेना एवं उनकी टीम द्वारा उचित परामर्श व निःशुल्क औषधि प्रदान किया गया।मुखिया हरीश यादव ने बताया कि शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति का मूल उद्देश्य सर्वजन हिताये सर्वजन सुखाए को ध्येय रखकर हमारी संस्था द्वारा इस तरह के जनसेवा का कार्य किया जाता रहा है। हमारी सेवा संस्था द्वारा ग्रीष्म में रेल यात्रियों को शीतल पानी पिलाना, वृद्धा आश्रम में भोजन सेवा, अभिलाषा मुकबधीर शाला में लेखनी सामग्री वितरण सहित स्टेशनो व फुटपाथ में रहने वालों को आवश्यक सामग्री भेंटकर सेवा किया जाता रहा है।

## राजनांदगांव मेडिकल बुलेटिन प्रैक्टिशनर्स की ई-पाठशाला



**0 ई-पाठशाला में 150 से अधिक पेशेवर डॉक्टर, मेडिकल शिक्षक और मेडिकल छात्र**

**0 सांप के कांटे मरीज को कैसे बचाएं**

राजनांदगांव (दावा)। भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में इन दिनों एक ई-पाठशाला चलाई जा रही है। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर अपना ज्ञान और अनुभव आपस में इंटरनेट के माध्यम से साझा करते है। वैसे तो समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन होते रहते है, जिसमें नित नई बीमारियों से बचाव, बीमारी के लक्षण के विषय में चर्चा चलते रहती है। इसी कड़ी में शहर के मेडिकल कॉलेज में इस ई-पाठशाला के माध्यम से पाठशाला के तीसरे चरण में मेडिकल कॉलेज मेडिसिन विभाग के सबसे जुझारू और कर्मठ डॉ. मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रकाश खूंटे ने कार्यक्रम के माध्यम से जुड़े 150 से अधिक पेशेवर डॉक्टर, मेडिकल के शिक्षक और मेडिकल कॉलेज के अध्यनरत छात्रों को सांप के काटने पर मरीज को कैसे बचाया जाए अपने ज्ञान और अनुभव को साझा किया।

आम तौर में बरसात के मौसम से धरती के गर्भ में रहने वाले जहरीले कीड़े-मकोड़े, जीव-जंतु बाहर आ जाते है और इनके काटने से समय पर उपचार नहीं मिलने से मरीज की मौत हो जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे जीव-जंतु (सांप) के काटने पर ग्रामीण ज्यादा झाड़-फूंक में विश्वास करते है और जब मरीज ठीक नहीं हो पाता तब ग्रामीण हॉस्पिटल का रुख करते है, लेकिन तब तक काफी देर हो जाती है और मरीज इलाज के आभाव में दम तोड़ देता है। इस कार्यशाला में सीएससी, पीएससी, जिला अस्पताल के डॉक्टर और मेडिकल कॉलेज में अध्यनरत छात्रों ने डॉ. प्रकाश खूंटे द्वारा दी गई जानकारी को हासिल किया।

आयोजन में डॉ. प्रकाश खूंटे ने इस पाठशाला में सांप के जहर का प्रकार, नैदानिक लक्षण, आपातकालीन हस्तक्षेप, साक्ष्य आधारित उपचार प्रोटोकॉल की जानकारी दी। इस ई-पाठशाला की अध्यक्षता आईएमए छत्तीसगढ़ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शरद पाटनकर और राजनांदगांव के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवरतन नेतराम ने की। आयोजन में मुख्य रूप से मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के डीन डॉ. पंकज मधुकर लुका, हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर, शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल कॉलेज भिलाई के डीन डॉ. प्रकाश वाकोड़े और अभिषेक मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के डीन डॉ. अनिल शेरके मौजूद थे।

## रॉयल किड्स कॉन्वेंट बना छत्तीसगढ़ का पहला ए.आई. सक्षम डिजिटल क्लास रूम स्कूल




राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 'रॉयल किड्स कॉन्वेंट' (आरकेसी) ने छत्तीसगढ़ में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय राज्य का पहला ऐसा स्कूल बन गया है जहाँ ए.आई. (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) इनेबल्ड क्लास रूम की शुरुआत की गई है। अब यहाँ के विद्यार्थी आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस आधारित कक्षा में अध्ययन करेंगे।

विद्यालय के दूरदर्शी प्राचार्य और ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद् अभिषेक खंडेलवाल जिन्हें कोटा और इंदौर जैसे शैक्षणिक नगरीयों में वर्षों का शिक्षण अनुभव है, ने बताया कि आरकेसी को एक अत्याधुनिक और बाल-केंद्रित शिक्षण संस्थान के रूप में स्थापित करने में प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है ।

उन्होंने कहा कि हर बच्चा विशेष है और उसकी प्रतिभा को पहचानकर उसे पोषित करना शिक्षक का परम कर्तव्य है। ब्लूम्स टेक्सोनॉमी के तीनों डोमेंस की वास्तविक अनुकृति अब आरकेसी में देख सकेंगे।

### विद्यालय प्रबंधन के विशेष प्रयासों से मिली यह तकनीक

इस ऐतिहासिक उपलब्धि को संभव बनाने में विद्यालय प्रबंधन, सावंत बहादुर सिंह, संजय बहादुर सिंह एवं जन्मेजय सर का विशेष योगदान रहा। उनके अथक प्रयासों से यह अत्याधुनिक डिजिटल बोर्ड्स स्कूल में उपलब्ध कराए गए। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, छात्र एवं अभिभावकों ने प्रबंधन का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। नवाचारों के लिए प्रसिद्ध डॉ जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी ये अत्याधुनिक एआई इनेबल्ड क्लासेस लगेगी।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट विद्यालय अपने शैक्षिक नवाचारों और गुणवत्ता युक्त शिक्षण के लिए जाना जाता है। अध्यक्ष डॉ. सविता जे बी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, बरसर आई के वैष्णव ने शुभकामनाएं दी हैं। यह पहल न केवल तकनीकी उन्नति है, बल्कि राजनांदगांव जैसे शहर को एआई शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अनमोल दावा

> सच्ची सफलता वही है, जो ईमानदारी और मेहनत से प्राप्त की जाए।

## उर्वरक नीति में बदलाव अब समय की मांग

हरित क्रांति के दौर से पहले किसान प्राकृतिक खेती किया करते थे, जिसमें रासायनिक उर्वरकों की खपत नगण्य थी। उस समय फसलों का उत्पादन और उत्पादकता कम थी। देश के बार-बार अकालग्रस्त होने से, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विदेशी अनाज के आयात पर निर्भर थी। वर्ष 1943 के बंगाल अकाल में 30 लाख से ज्यादा लोग भूख से मारे गए। ऐसी विकट परिस्थितियों में, नीतिकारों ने हरित क्रान्ति के जनक डॉ. नॉर्मन बोरलॉग द्वारा विकसित गेहूं की बौनी किस्मों और अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान से धान की बौनी किस्मों का आयात करके, देश में हरित क्रांति का आगाज किया। इन उन्नत गेहूं-धान की बौनी किस्मों और बाजरा-ज्वार की हाईब्रीड किस्मों से पूरा उत्पादन लेने के लिए, भारी मात्रा में उर्वरकों का आयात और उत्पादन व भूजल आधारित ट्यूबवेल से सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया गया।द्यह्यश ऋद्गङ्डुस्त्र - श्वस्त्रद्बह्लशह्ल्-निर्देशों को बहुत गंभीरता से लेना उन्हें पूरी तरह से नजरअंदाज करने जितना ही जोखिम भरा हो सकता है हरित क्रांति दौर में अपनाए गए कृषि सुधारों से देश में विभिन्न फसलों के उत्पादन और उत्पादकता में कई गुणा बढ़ोतरी हुई। जिसकी बदौलत पिछले 5 दशकों से, लगातार बढ़ती आबादी के बावजूद, देश खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बना हुआ है। चावल का पचास हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का वार्षिक निर्यात भी कर रहा है। भारत में वर्ष 2022 में उर्वरक की औसत खपत 193 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि थी और लगभग 30 करोड़ मीट्रिक टन उर्वरक की खपत हुई। भारत में यूरिया सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला उर्वरक है। देश में उर्वरक की खपत प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है। उर्वरकों की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए सरकार भारी मात्रा मे वार्षिक आयात करती है।

इसी तरह पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडू, केरल आदि प्रदेशों में भी वार्षिक धान की 2-3 फसल चक्र की उत्पादकता 10 टन से ज्यादा है। इसलिए इन प्रदेशों में उर्वरक की वार्षिक खपत राष्ट्रीय औसत से दुगने से भी ज्यादा प्रति हेक्टेयर 250 किलो नाइट्रोजन, 120 किलो फास्फोरस और 200 किलो पोटेशियम के आसपास है। जबकि वर्षा आधारित बारानी फसलों बाजरा, ज्वार, दलहन, तिलहन आदि के उत्पादक राज्यों में उर्वरक की वार्षिक खपत राष्ट्रीय औसत से काफी कम रहती है। उच्च उत्पादकता वाली कन्दमूल और गन्ने जैसी फसलों को अच्छी पैदावार देने के लिए ज्यादा पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है, जिससे इन फसलों की रासायनिक उर्वरक की खपत बहुत ज्यादा होती है।द्यह्यश ऋद्गङ्डुस्त्र - भारत में चिकित्सा शिक्षा भविष्य के डॉक्टरों और प्रतिभाओं का मूल्य निर्धारण कैसे कर रही है हरित क्रांति दौर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए, नीतिकारों ने कृषि क्षेत्र के लिए रासायनिक उर्वरक की सस्ती दर पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उर्वरक सब्सिडी नीति को अपनाया। किसानों को सस्ती दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराने पर सरकार का व्यय पिछले वित्त वर्ष में 6 प्रतिशत घटकर रुपये 1,77,129.5 करोड़ रह गया, जो 2023-24 के दौरान रुपये 1,88,291.62 करोड़ था।

# चातुर्मास है अध्यात्म की फसल उगाने का अवसर - मंत्र महर्षि डॉ. योगभूषण महाराज

**बरुण कुमार सिंह**

**श्रृष्टि का चक्र अनवरत गतिशील है- गर्मी, वर्षा और शीत ऋतु इसका पर्याय हैं। इन्हीं ऋतुओं में से एक वर्षा ऋतु न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से, बल्कि आध्यात्मिक और धार्मिक जगत के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जैन धर्म में इस अवधि को 'चातुर्मास' या 'वर्षायोग' कहा जाता है, जैन परम्परा में आषाढ़ी पूर्णिमा से कार्तिक पूर्णिमा तक का समय तथा वैदिक परम्परा में आषाढ़ से आसोज तक का समय चातुर्मास कहलाता है। इस दौरान दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों परंपराओं के मुनि स्थिर एक ही स्थान पर विराजमान रहते हैं। यह नियम प्राकृतिक कारणों से भी जुड़ा है- जैसे वर्षा ऋतु में जीव-जंतु अधिक उत्पन्न होते हैं, जिससे भ्रमण करने से अहिंसा का उल्लंघन हो सकता है। वास्तव में आज के व्यस्त, तनाव एवं हिंसाग्रस्त और भौतिकतावादी युग में चातुर्मास हमें आत्ममूल्यांकन और आंतरिक शांति की प्रेरणा देता है। यह समय पर्यावरणीय संतुलन, नैतिक जीवनशैली और आध्यात्मिक चिंतन की ओर समाज को मोड़ने में सक्षम है। यदि युवा वर्ग इसे आत्मसात करे, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है। वास्तव में पुराने समय में वर्षाकाल पूरे समाज के लिए विश्राम काल बन जाता था किन्तु संन्यासियों, श्रावकों, भिक्षुओं आदि के संगठित संप्रदायों ने इसे साधना काल के रूप में विकसित किया। इसलिए वे निर्धारित नियमानुसार एक निश्चित तिथि को अपना वर्षावास या चातुर्मास शुरू करते थे और उसी तरह एक निश्चित तिथि को उसे समाप्त करते थे। धन-धान्य की अभिवृद्धि के कारण उपलब्धियों भरा यह समय स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार, आत्म-वैभव को पाने एवं अध्यात्म की फसल उगाने की दृष्टि से भी सर्वोत्तम माना गया है।**



*आज चातुर्मास पर विशेष*

इसका एक कारण यह है कि निरंतर पदयात्रा करने वाले जैन साधु-संत भी इस समय एक जगह स्थिर प्रवास करते हैं। उनकी प्रेरणा से धर्म जागरण में वृद्धि होती है। जन-जन को सुखी, शांत और पवित्र जीवन की कला का प्रशिक्षण मिलता है। गृहस्थ को उनके सान्निध्य में आत्म उपासना का भी अपूर्व अवसर उपलब्ध होता है।

जैन धर्म एक अत्यंत अनुशासित और तपोमयी परंपरा है, जिसमें आत्मशुद्धि, अहिंसा, संयम और साधना को सर्वोपरि माना गया है। वर्षभर की विविध धार्मिक गतिविधियों में चातुर्मास का विशेष स्थान है। यह समय आत्मनिरीक्षण, तप, स्वाध्याय और उपवास जैसी साधनाओं का काल है, जिसमें श्रावक और साधु-साध्वियाँ दोनों ही अपनी आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होते हैं। श्रावक इस दौरान अधिक समय धर्म, पूजन, व्रत, स्वाध्याय और दान में लगाते हैं। यह आत्म-निरीक्षण और जीवन शैली को बदलने का काल बन जाता है। चातुर्मास में पर्युषण पर्व, दशलक्षण पर्व, अनंत चतुर्दशी जैसे पर्व आते हैं जो धर्म की गहराई को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। इस समय एकासन, उपवास, अनेक तरह के त्याग जैसे अनेक व्रतों का पालन किया जाता है। इससे आत्मिक बल और संयम में वृद्धि होती है। चातुर्मास में मुनियों के प्रवचनों के माध्यम से धर्म ग्रंथों की गूढ़ व्याख्या होती है, जिससे श्रद्धालु ज्ञान और विवेक के पथ पर आगे बढ़ते हैं। संयमित जीवन और वैराग्य की भावना इस काल में जागृत होती है, जिससे सांसारिक मोह कम होता है।

जैन चातुर्मास केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मिक उत्कर्ष की एक सुंदर प्रक्रिया है। यह काल हमें भीतर झाँकने, अपनी त्रुटियों को पहचानने और एक संतुलित, अहिंसात्मक जीवन की ओर बढ़ने का अवसर देता है। साधना और संयम की यह अनूठी परंपरा न केवल जैन समाज को बल्कि सम्पूर्ण मानवता को आध्यात्मिक दिशा देने की सामर्थ्य रखती है। चातुर्मास धार्मिक संस्कृति की आत्मा है। यह काल समाज को एक साथ जोड़ता है-सामूहिक साधना, संयम और सेवा की भावना को पोषित करता है। संतों की सेवा, रोगी-वृद्ध मुनियों की देखभाल, आहार-विहार की व्यवस्था, सत्संग और स्वाध्याय में सहयोग देना-ये सभी कार्य श्रावकों के लिए धर्म का अंग बन जाते हैं। चातुर्मास न केवल तपस्वियों के जीवन का अमृतकाल है, अपितु पूरे समाज के लिए जागृति और नवचेतना का समय है। यह चार महीने धर्म के बीज को बोने, सेवा का जल सींचने, संयम की धूप में तपाने और श्रद्धा के वृक्ष को विकसित करने का सर्वोत्तम काल है। जब मन, वचन और काया तीनों पवित्र हों-तभी चातुर्मास सफल होता है। अपेक्षा है कि सभी संकल्प करें- इस चातुर्मास को केवल परंपरा के निर्वाह के रूप में नहीं, बल्कि आत्मिक विकास और सामाजिक समर्पण के माध्यम के रूप में अपनाएं।

हिन्दू धर्म में देवशयनी एकादशी से ही चातुर्मास की शुरुआत होती है जो कार्तिक के देव प्रबोधिनी एकादशी तक चलती है, इस समय में श्री हरि विष्णु योगनिद्रा में लीन रहते हैं इसलिए किसी भी शुभ कार्य को करने की मनाही होती है। इसी अवधि में ही आषाढ़ के महीने में भगवान विष्णु ने वामन रूप में अवतार लिया था और राजा बलि से तीन पग में सारी श्रृष्टि दान में ले ली थी। उन्होंने राजा बलि को उसके पाताल लोक की रक्षा करने का वचन दिया था। फलस्वरूप श्री हरि अपने समस्त स्वरूपों से राजा बलि के राज्य की पहरेदारी करते हैं। इस अवस्था में कहा जाता है कि भगवान विष्णु निद्रा में चले जाते हैं। यों तो हर व्यक्ति को जीने के लिये तीन सौ पैंसठ दिन हर वर्ष मिलते हैं, लेकिन उनमें वर्षावास की यह अवधि हमें जागते मन से जीने को प्रेरित करती है, यह अवधि चरित्र निर्माण की चौकसी का आव्हान करती है ताकि कहीं कोई कदम गलत न उठ जाये। यह अवधि एक ऐसा मौसम और माहौल देती है जिसमें हम अपने मन को इतना मांज लेने को अग्रसर होते हैं कि समय का हर पल जागृति के साथ जीया जा सके। संतों के लिये यह अवधि ज्ञान-योग, ध्यान-योग और स्वाध्याय-योग के साथ आत्मा में अवस्थित होने का दुर्लभ अवसर है। वे इसका पूरा-पूरा लाभ लेने के लिये तत्पर होते हैं। वे चातुर्मास प्रवास में अध्यात्म की ऊंचाइयों का स्पर्श करते हैं, वे आधि, व्याधि, उपाधि की चिकित्सा कर समाधि तक पहुंचने की साधना करते हैं। वे आत्म-कल्याण ही नहीं पर-कल्याण के लिये भी उत्सुक होते हैं। यही कारण है कि श्रावक समाज भी उनसे नई जीवन दृष्टि प्राप्त करता है। स्वस्थ जीवनशैली का निर्धारण करता है। संतों के आध्यात्म एवं शुद्धता से अनुप्रमाणित आभामंडल समूचे वातावरण को शांति, ज्योति और आनंद के परमाणुओं से भर देता है। इससे जीवन-रूपी सारे रास्ते उजालों से भर जाते हैं। लोक चेतना शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक तनावों से मुक्त हो जाती है। उसे द्वंद्व एवं दुविधाओं से त्राण मिलता है। भावनात्मक स्वास्थ्य उपलब्ध होता है। वर्षावास में सभी श्रद्धालु आत्मा से परमात्मा की ओर, वासना से उपासना की ओर, अहं से अर्हम् की ओर, आसक्ति से अनासक्ति की ओर, भोग से योग की ओर, हिंसा से अहिंसा की ओर, बाहर से भीतर की ओर आने का प्रयास करते हैं। वह क्षेत्र सौभाग्यशाली माना जाता है, जहां साधु-साध्वियों का चातुर्मास होता है। उनके सान्निध्य का अर्थ है- बाहरी के साथ-साथ आंतरिक बदलाव घटित होना। जीवन को सकारात्मक दिशाएं देने के लिये चातुर्मास एक सशक्त माध्यम है। यह आत्म-निरीक्षण का अनुष्ठान है। चातुर्मास संस्कृति की एक अमूल्य धरोहर है।

चातुर्मास का महत्व शांति और सौहार्द्र की स्थापना के साथ-साथ भौतिक उपलब्धियों के लिये भी महत्वपूर्ण माना गया है। इतिहास में ऐसे अनेक प्रसंग हैं, जहां चातुर्मास या वर्षावास और उनमें संतों की गहन साधना से अनेक चमत्कार घटित हुए हैं। जिस क्षेत्र की स्थिति विषम हो। जनता विग्रह, अशांति, अराजकता या अत्याचारी शासक की क्रूरता की शिकार हो, उस समस्या के समाधान हेतु शांति और समता के प्रतीक साधु-साध्वियों का चातुर्मास वहां करवाया जाकर परिवर्तन को घटित होते हुए देखा गया है। क्योंकि संत वस्तुतः वही होता है जो औरों को शांति प्रदान करें। जरूरत है इस सांस्कृतिक परम्परा को अक्षुण्ण बनाने की। ऐसी परम्पराओं पर हमें गर्व और गौरव होना चाहिए कि जहां जीवन की हर सुबह सफलताओं की धूप बाटें और हर शाम चारित्र धर्म की आराधना के नये आयाम उद्घाटित करें। क्योंकि यही अहिंसा, शांति और सह-अस्तित्व की त्रिपथगा सत्यं, शिवं, सुंदरम् का निनाद करती हुई समाज की उर्वरा में ज्योति की फसलें उगाती है।

(लेखक आध्यात्मिक गुरु, सोहम् योग प्रवर्तक एवं संस्थापक धर्मयोग फाउंडेशन है।)
सी/ओ. विला नंबर-ई-173,
पैरामाउंट गोल्फफॉरेस्ट, सेक्टर-जेटा,
यूपीएसआईडीसी साइट-सी,

## विचार सरिता

# लघु उपन्यास यशस्विनी : भाग 7: चंद रुपयों के लिए

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



पिछले कई दिनों से अपने निज कक्ष में ध्यान के समय यशस्विनी को विचित्र तरह की अनुभूतियां होती हैं।जब उसे लगता है कि आज मैं समाज के लिए कुछ उपयोगी कार्य कर पाऊंगी तो वह ध्यान के अंतिम चरण में बांके बिहारी जी का आह्वान करती है कि वह उसे आसपास के किसी जरूरतमंद व्यक्ति के बारे में बताएं ताकि अगर वह सक्षम हो तो उस व्यक्ति तक सहायता पहुंचा सके।

थोड़ी देर के ध्यान के बाद यशस्विनी को दोपहर तक कोई खास प्रेरणा नहीं मिली। वह अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त हो गई। दोपहर में उसे शहर के जिला अस्पताल जाने का संकेत बार-बार मिलने लगा और एक घंटे बाद वह जिला अस्पताल के लिए निकल पड़ी। वहां दिनभर और देर रात तक व्यस्त रहने के बाद जब वह सोने के लिए बिस्तर में गई तो आज के दिन भर की घटना को खास मानकर उसने कलमबद्ध करना चाहा तो उसकी डायरी ने एक अलग तरह के अनुभव का रूप ले लिया। थोड़ी मेहनत के बाद यशस्विनी ने इसे एक कहानी का रूप दे दिया:-

आज दीवाली का दिन है। गणेश बहुत खुश है।आज काम पर निकलने के समय उसने अपनी मां से कहा था-''आज जब तू घर आएगी ना तो मेरे लिए ढेर सारे पटाखे लेकर आना।''

मां ने कहा- ठीक है गणेश और तू घर में ही रहना- मोहल्ले में भी जाएगा तो बहुत देर तक इधर-उधर मत खेलना। किसी से झगड़ा मत करना और मैंने दाल भात बना दिया है। दोपहर होते ही उसे खा लेना। जब मैं शाम को आऊंगी तो तेरे लिए पटाखे और मिठाई दोनों लेकर आऊंगी।''

खुश होते हुए गणेश ने कहा- ''ठीक है मां।''

मां काम पर चली गई।वह एक निर्माणाधीन इमारत में मजदूरी का काम करती है। उम्र लगभग 29 वर्ष। पति को गुजरे 5 वर्ष हो गए।घर में वह और उसका इकलौता बेटा गणेश है। गणेश घर के पास के प्राथमिक स्कूल में दूसरी कक्षा में पढ़ता है। अब तो मां को गणेश के खाने-पीने की चिंता नहीं होती है क्योंकि सरकारी स्कूल में सरकार के मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत दोपहर भोजन मिल जाता है।काम पर जाने के समय सावित्री उसके लिए टिफिन के डिब्बे में दो-तीन रोटियां और अचार का एक टुकड़ा रख देती है। जब सावित्री साप्ताहिक पेमेंट लेकर आती है, उस दिन गणेश की मनपसंद सब्जी भी बनती है। अगले दो-तीन दिनों तक खाने में स्पेशल बनता है। जब गणेश घर से बाहर निकलता है, तो छोटी सी उम्र में ही उसे दुनिया का फर्क नजर आ आता है।

मोहल्ले के एक कोने में एक कमरे के छोटे से अपने झोपड़ीनुमा घर में रहकर गणेश प्रसन्न है, लेकिन जब वह मोहल्ले के दूसरे हिस्सों में बने विशाल घरों को देखता है तो वह सोचता है कि ऐसा कैसे हो गया कि हमारे पास रहने के लिए इतना छोटा घर है। वहीं यहां कितने बड़े-बड़े घर हैं,जाने इसमें कुछ अलग तरह के लोग रहते होंगे। कभी किसी विशाल लौह अलंकृत दरवाजे वाले गेट से किसी चमचमाती कार को बाहर जाते देखकर भी गणेश विस्मित हो उठता है। स्कूल जाने पर भी गणेश को अपनी हैसियत का फर्क और ज्यादा समझ में आता है, जब वह अपने दोस्तों को नई- नई चीजों के साथ देखता है।

गणेश शाम को मां के घर लौटने पर पूछता है- ''मां ऐसा क्यों है? हमारे पास गाड़ी क्यों नहीं है? हमारे पास इतना बड़ा घर क्यों नहीं है?''

''एक दिन हमारे पास भी बहुत बड़ा घर होगा बेटा और बहुत बड़ी कार होगी। जिसमें तुम रहोगे, तुम्हारी बहू रहेगी और तुम लोगों के साथ मैं भी रहूंगी।

बहू का नाम सुनते ही नन्हा गणेश शरमा जाता और खिलखिला कर हंसता हुआ कहता-''यह तुम क्या कहती हो मां? और यह सब आएगा कैसे?''

''गणेश जब तुम खूब पढ़ लिख लोगे और तुम्हें बहुत बड़ी नौकरी मिलेगी तो ढेर सारा पैसा आएगा।उससे यह सब खरीद लेना।''

''अच्छा?'' आश्चर्यचकित होकर गणेश कहता।

''और बेटा तुम मुझे अपने साथ रखोगे ना?''

नाराज होकर गणेश कहता है-''यह तुम कैसी बातें करती हो मां। पर तुम्हारे मन में ऐसा आया ही क्यों?''

''ऐसा इसलिए बेटा, क्योंकि पैसा ज्यादा मिलने पर दिमाग चल जाता है। आदमी स्वयं को बाकी आदमियों से अलग समझने लगता है और रिश्ते-नाते सब पीछे छूट जाते हैं।''

''ओह, मैं ऐसा नहीं होने दूंगा माँ। तुम हमेशा मेरे साथ रहोगी। रहोगी न?'' मां का हाथ पकड़कर झूलते हुए गणेश कहता।

''हमेशा कैसे गणेश? जैसे तुम्हारे बाबू एक दिन आसमान का चमकता सितारा बन गए थे ना।वैसे ही एक दिन उस चंदा सूरज के लोक में मुझे भी जाना होगा। तुम देखते हो ना? इतने सारे सितारे वहां हैं ना, कि हम उनकी गिनती भी नहीं कर सकते हैं।''

यह सब सुनकर गणेश भावुक हो जाता। मां उसे सांत्वना देने के लिए कहती- हट पगले, तू भावुक हो गया। तेरी बहुरिया तेरे साथ होगी ना, तू अकेले कैसे होगा?

आज मां अभी तक काम से नहीं लौटी है। आज लक्ष्मी पूजन का दिन है। गणेश पूरे मोहल्ले का चक्कर लगा आया है। सफेद, नीले, हरे अलग-अलग रंगों से घर पुते हुए हैं। चारों तरफ स्वच्छता है। कहीं चूने का प्रयोग तो कहीं डिस्टेंपर और पेंट का। सभी लोगों ने अपनी अपनी हैसियत के अनुसार दीपावली पर अपने घरों को चमकाया है। मां के साथ घर की सफाई में गणेश ने भी हाथ बंटाया है। परसों मां ने गणेश को पाक्षिक जेब खर्च के लिए बीस रुपए दिए थे। उससे उसने पास की दुकान से रंगोली खरीदी है। गणेश आज मां के घर आने से पहले आड़ी तिरछी रंगोली बनाकर उन्हें प्रसन्न और चमत्कृत कर देना चाहता है।

रंगोली बन गई है। शाम को 6:00 बज गए हैं।दीया बत्ती का समय हो गया है, लेकिन मां अभी तक नहीं पहुंची है। आज माँ काम पर जाना नहीं चाहती थी, लेकिन ठेकेदार चाचा ने सुबह- सुबह आकर कहा- दोगुनी मजदूरी मिलेगी सावित्री, बहुत जरूरी काम है। एक साहब के यहां दीपावली में गृह प्रवेश के काम में थोड़ी सी फिनिशिंग बची हुई है इसलिए आज तो आ ही जाओ। थोड़ा अधिक पैसे मिलने पर घर के काम आएंगे, यह सोचकर सावित्री ने गणेश को समझाया और काम पर चली गई,अन्यथा लक्ष्मी पूजन के दिन काम बंद ही रहता है।

गणेश के पड़ोस में रहने वाले उसके दोस्त गोपी ने आकर पूछा-क्यों यार? तू पटाखा चलाने नहीं चल रहा है?

## सामयिक चर्चा


### सफलता का मंत्रः ठानना

बानी बोले- ''अखबार पढ़कर
आज सुनिए गजाधर!
दृढ़ता अपनाने की खबर -
युवाओं को ऊर्जा, प्रतिमा, क्षमता
एवं संभावनाओं को आकार देने के लिए,
उनके कॅरियर को सही दिशा प्रदान करने के लिए,
जिला प्रशासन द्वारा
'कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-
आईएएस टापर्स से मिलिए।'
कार्यक्रम का फलदायक सफल आयोजन,
आडिटोरियम में किया गया।
बड़ी संस्था में विद्यार्थी एवं युवा शामिल हुए।
कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे द्वारा
युवकों को 'सफलता का मंत्र' दिया गया
''आप मन में ठान लीजिए तो
कोई भी कार्य मुश्किल नहीं हैं।
जुनून के साथ करें पढ़ाई ।''
अब आप कहिए गजाधर भाई!''
गजाधर मुस्कराए बोले -'बानी!
सचमुच कलेक्टर साहब का
युवकों से आह्वान
उत्साहवर्धक रहा है।
शायर सहरयार ने भी यही कहा है-
''चाहें तो आसमाँ को जमीं पे उतार लाएँ।
कुछ भी नहीं है मुश्किल,
गर 'ठान' लीजिए।''



गिरीश बख्शी

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको किसी विशेष व्यक्ति से धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज महिलाओं को खुद के लिए समय मिलेगा, जिससे वो अपनी संगी-साथियों के साथ इंजॉय करेंगी। विद्यार्थियों के लिए आज अच्छा दिन है, उनको आज किसी टेस्ट में अच्छे अंक प्राप्त होंगे।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। आज आपके वो सारे काम बनेंगे जिनके लिए आप इतने दिनों से मेहनत कर रहे थे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सुधार होगा, माता - पिता के आशीर्वाद से सब ठीक होगा। वकीलों के लिए आज अच्छा दिन है, किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सानिध्य में आप अच्छी प्रैक्टिस करेंगें।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, लेकिन परिश्रम की अधिकता बनी रहेगी। किसी जरुरी विषय के ऊपर आज आप जीवनसाथी के साथ चर्चा कर सकते है। आज आप किसी सामाजिक समारोह में शामिल होंगे। छात्रों को आज अपने सहपाठी का सहयोग मिलेगा।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। जो लोग घर से दूर रहते है, उनको आज घर जाने का मौका मिलेगा। शत्रु पक्ष से सावधान रहें, कुछ बातों को आज आप गुप्त रखें आपके लिए अच्छा रहेगा। अविवाहित व्यक्तियों को आज अच्छे रिश्ते का प्रस्ताव मिल सकता है।



**सिंह**

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से धन लाभ होगा, भौतिक सुख की अधिकता बनी रहेगी। शादीशुदा रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी, बच्चों के साथ आज आप बढ़िया टाइम स्पेंड करेंगें। आज आपके घर में किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे परिवार में चहल - पहल बनी रहेगी।



**कन्या**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन साबित होने वाला है। आज आप अपने व्यापार को एक नये आयाम तक पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगें। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में ताल - मेल बना रहेगा। रोजगार की तलाश में भटक रहे व्यक्तियों को आज किसी अच्छी कम्पनी से ऑफर मिल सकता है। स्कूल कॉलेज में पढ़ने का अवसर प्राप्त होगा।




**तुला**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप दोस्तों के साथ पार्टी करेंगें, घूमने भी जा सकते हैं। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने का विचार कर सकते है, जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको किसी व्यक्ति से धन लाभ होगा, आपका पारिवारिक जीवन खुशनुमा बना रहेगा। विद्यार्थियों को आज शिक्षकों का सहयोग मिलेगा, जिससे वो अपनी पढ़ाई को और अच्छे से कर पाएंगें। आज किसी बात को लेकर जीवनसाथी के साथ डिस्कस हो सकता है।



**धनु**

आज आपका दिन मिला - जुला रहेगा। आज आपको व्यापारिक दृष्टि से बढ़िया धन लाभ होगा, लेकिन खर्च की अधिकता रहेगी। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बेहतर होंगे, रिश्ते में नयापन आएगा। लंबे समय से चल रही किसी समस्या से छुटकारा मिलेगा, जिससे मन का बोझ हल्का होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, खान - पान को लेकर कोताही न बरतें।



**मकर**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको अधिकतर कार्यो में सफलता मिलेगी, जिससे मन में प्रसन्नता आएगी। आज आप घर के लिए भौतिक चीजों की खरीददारी करने मार्केट जायेंगें। जीवनसाथी के साथ आज आप सुकून के पल बितायेंगें, जो आपको खुशी प्रदान करेंगें। पारिवारिक रिश्तों में खुशियां आएंगी।



**कुंभ**

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप दिनचर्या से जुड़े सारे काम समय रहते निपटा लेंगे, जिससे आप बाकी के काम कर पाएंगे। शादीशुदा रिश्तों में ताल-मेल बना रहेगा, बच्चे आज आपको तंग नहीं करेंगे। कला जगत में संगीत से जुड़े लोगों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। सोने -चांदी के व्यापार में अचानक धन लाभ होगा, भौतिक सुख में बढ़ोत्तरी होगी। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी, आज आप दोस्तों के साथ टूर पर जा सकते है। छात्रों को आज उनके सीनियर के मार्गदर्शन में पढ़ाई करने का मौका मिलेगा।

## कविता

### ॥ कह गए तुलसीदास जी ॥

कवि न होऊँ चतुर कहाउँ, कह गए तुलसीदास जी।
लिखते कम छपते ज्यादा, कवि कहलाते आज जी।।
कहीं ईंट कहीं का जोड़ा, भानुमति का कुनबा जोड़ा।
चुटकुलेबाजी मसखरियों से, मंच सजता आज जी।।
माँ शारद के वरदानियों को, क्यों आती न लाज जी।
नाना हथकंडों से खुद को, विमोचित कराते आज जी।
एक रचना बरसों बरस, नये सुनने को जाते कान तरस।
सुधीय पाठक श्रोता भी तो, कम ही दिखते आज जी।।
सुतर्क तो दरकिनार होते, कुतर्कों का स्तुति गान जी।
काम न आए अब काग भगोड़ा , है बड़ी दूर मचान जी।
चुग जाए न खेत ही सारा, मत बैठे रहो अनजान यहाँ।
प्रश्न उठेंगे मानों यकीनन, न कहना टेक पुरानी गान जी।।
साधन सम्पन्नों बलियों का ही, महिमामण्डन आज जी।
शोषित वंचित दबे कुचलों का, न बन पाते आवाज जी।।
मीडिया प्रबंधन कुशल बहुतेरे,
पॉपुलरटी का घेरा घेरे।
मानक नही है बस टी.आर.पी,
बात अंतिम आज जी।।



रोशन साहू 'मोखला'
7999840942

# कांग्रेस जनों ने किसानों के साथ खाद संकट को लेकर अछोली सोसाइटी में दिया धरना



डोंगरगढ़(दावा)। क्षेत्र के किसानों के लिए खाद की मांग करने पहुंचे कांग्रेस जनों द्वारा मंच पर डी ए पी खाद रखकर अछोली सोसाइटी में विरोध प्रदर्शन किया गया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया गया प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर डोगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल की उपस्थिति में डोगरगढ़ ग्रामीण एवं शहर ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए समिति में डीएपी एवं अन्य खाद नहीं भेज रहे हैं उनके विरोध में डोंगरगढ़ ब्लॉक के अछोली समिति के सामने धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।

जिसकी शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर हुई और विरोध स्वरूप मंच पर डी ए पी खाद्य रख कर पूजा किए उन पर हार चढ़ाई तत्पश्चात उद्बोधन भाषण देते हुए डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा जब छत्तीसगढ़ में हमारी कांग्रेस की सरकार थी

**भूपेश सरकार के 5 सालों में कभी खाद के लिए किसानों को भटकना नहीं पड़ा- विधायक श्रीमती बघेल**

तब किसानों को उनके उपज का अच्छी कीमत मिले अच्छे उत्पादन हो इसके लिए काम हुआ और भूपेश सरकार के 5 सालों में कभी खाद के लिए किसानों को भटकना नहीं पड़ा। उपस्थित जनों को कांग्रेस नेता नवाज खान, पूर्व मंत्री धनेश पाटीला, प्रभारी महेंद्र यादव, डोगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, शहर अध्यक्ष विजय राज चौहान, प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव नरेंद्र वर्मा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष महेश सेन, चुंम्मन साहू, शिशुपाल भारती, पल्टू लहरें, पंचराम चंदेल, गोकरण कोसले, दिनेतु प्रकाश जांगड़े एवं अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। अंत में राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार को दिया गया। जिसमें इस अवसर पर फिरंगी पटेल, फत्तू वर्मा, पंचराम चंदेल, गोवकरण कोसले, रमन साहू, टुमेश नेताम, दिनेतु प्रकाश जांगड़े, श्यामसाय टांडेकर ,गजेंद्र कुमार, ,संजीव गुप्ता, दुलीचंद बडोले, ओम प्रकाश महानदी, राजेंद्र वर्मा, प्रशांत कांडे ,सुरेंद्र अंबादे, तरुण फुले, सुरेश मेश्राम, दिनेश साखरे, मनोज सहारे, इंद्रजीत साहू, राजकुमार, निशा निर्मलकर ,रितु निर्मलकर, किशोर अंबादे, मुकेश साहरे, राजू राजपूत एवं अन्य का कांग्रेस जन एवं किसान साथी उपस्थित थे।

# बेलगांव के धान खरीदी केंद्र में पौधरोपण



डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में स्थित धान खरीदी केंद्र में बृहद रूप से वृक्षारोपण किया गया। जिसमें छायादार फलदार आम नीलगिरी करण पीपल नीम आदि प्रजाति पेड़ लगाया गया सभी ने पेड़ लगाकर पेड़ की सुरक्षा का संकल्प लिया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष राम रतन कंवर, सरपंच कौशल चंद्रवंशी, ग्राम प्रमुख दीनेतु जांगड़े, उप सरपंच योगेश साहू, छबील राम साहू, समिति प्रबंधक सेन मुरली गेड़ाम, चंद्रशेखर साहू, कुंदन गोस्वामी, ऑपरेटर द्वारका दास मानिकपुरी, बंटी वर्मा, गणेश वर्मा, नरेंद्र वर्मा, महेश यादव आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने आदतन अपराधियों/बादमाशों पर पुलिस की प्रभावी कार्यवाही




**शहर में शांतिभंग होने के अंदेशा पर 07 आदतन बदमाशों के विरूद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही**

डोंगरगढ़(दावा)। शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने आदतन अपराधियों/बादमाशों पर पुलिस की ओर से प्रभावी कार्यवाही की गई। शहर में हो रहे चाकूबाजी जैसे अपराधों के रोकथाम हेतु आदतन अपराधियों पर पुलिस द्वारा कार्यवाही गई। शहर में शांतिभंग होने के अंदेशा पर पुलिस ने 07 आदतन बदमाशों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा क्षेत्र में अपराध के रोकथाम हेतु एवं शहर में शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। इसी अभियान के तहत शहर में शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध की घटना घटित होने की अंदेशा पर 07 आदतन अपराधियों/बदमाश के विरूद्ध धारा- 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही किये गये सातों आदतन अपराधी है जो हमेशा शहर में मारपीट, लड़ाई-झगड़ा, चोरी, चाकूबाजी जैसे अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं, जिनके विरूद्ध आये दिन लड़ाई-झगड़ा, मारपीट करने जैसे शिकवा-शिकायत मिलती रहती है। कार्यवाही किये गये बदमाशों द्वारा आज भी शहर में बेवजह लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग कर रहा था। प्रतिबंधित किये गये आदतन बदमाशों में कमल पटेल पिता बसंत पटेल उम्र 22 साल निवासी कश्मीरी पारा वार्ड न0- 24 ,शाहिल खान पिता शेखु खान उम्र- 21 साल निवासी पुराना बस स्टैण्ड वार्ड न.- 16, शेख अब्दुल रूस्तम पिता शेख अब्दुल रफीक उम्र- 25 साल निवासी कश्मीरी पारा वार्ड न.- 24,प्रिंस निषाद पिता रामचन्द्र निषाद उम्र- 26 साल निवासी कश्मीरी पारा वार्ड न0- 24, पियूष सिंह परिहार पिता विजय सिंह उम्र- 25 साल निवासी पटेल वार्ड, वार्ड क्र0- 17,भरत खुटी पिता राज कुमार खुटी उम्र- 23 साल निवासी कचहरी चौक वार्ड न0- 21, आकाश लाउत्रे पिता स्व0 रमेश लाउत्रे उम्र- 23 साल निवासी इंदिरा नगर वार्ड नं.- 05 सभी बदमाश डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 के निवासी है।

## पिनकापार स्कूल में न्यौता भोज कराया गया

हरदी (दावा)। जनपद सदस्य नरेश कुमार सोनी द्वारा अपने सुपुत्री के जन्म दिवस के अवसर पर शासकीय बालक/कन्या प्राथमिक शाला एवं शासकीय बालक/कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पिनकापार के छात्र-छात्राओं को न्यौता भोज कराया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य नरेश कुमार सोनी, सरपंच तारण रजक, उपसरपंच चंद्रभुवन भूआर्य, पंच कमलेश सोनी, पूर्व अध्यक्ष ठाकुर राम सोनी, संस्था के प्रधान पाठक धनसिंह कौमार्य, श्याम किरण नून्हारे, प्रधान पाठक शत्रुहन लाल सोनकर, राजेंद्र यारदा, शिक्षक रूकम सिंह देवांगन, नितेश कुमार लुन्हारे, रोशन लाल साहू, हेमपुष्पा सुखदेवे, एवं हीरूराम वर्मा व्याख्याता आदि उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## सुरगी पंचायत ने चलाया स्वच्छता त्योहार अभियान, स्वच्छता ग्राहियों को किया रेनकोट वितरण



राजनांदगांव (दावा)। आदर्श ग्राम सुरगी में स्वच्छता त्यौहार प्रत्येक शनिवार को मनाया जाता है। जिसमें इस शनिवार 5 जुलाई को ग्राम सुरगी में शीतला तालाब व मंदना तालाब के पास सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही स्वच्छता ग्राहियों को पंचायत प्रतिनिधियों ने रेनकोट वितरण किया। इस मौके पर सुग्रीव साहू सरपंच, श्रीमती जावंतीन चंदेल सचिव, युवराज साहू उपसरपंच, महेश दिवाकर पंच, भुवनेश्वरी देवदास पंच, कु. वेदिका, पुष्पा, बसंती, उत्तरा, हुलसीबाई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता टूमीन बाई मितानिन प्रेरक, भारती साहू, कमलेश्वरी मितानिन, गैंदलाल, रूपेंद्र चतुर्वेदी पंचायत ऑपरेटर एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत किशोरी बालिकाओं को आत्मरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी पीआर खुटेल एवं परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना छुईखदान द्वारा ग्राम खैरबना के हाईस्कूल में अध्ययनरत किशोरी बालिकाओं को सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का आयोजन भारत सरकार की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत किया गया है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक सुनील निषाद (ताइक्वांडो मास्टर ट्रेनर) द्वारा किशोरियों को आपातकालीन स्थितियों में आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी जा रही है। परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे ने बताया कि प्रशिक्षण में बालिकाओं को न सिर्फ आत्मरक्षा की तकनीक सिखाई जा रही है, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाने पर भी बल दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 4 जुलाई से प्रारंभ होकर आगामी सात दिनों तक चलेगा। जिसमें लगभग 70 बालिकाएं सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण सत्र में पर्यवेक्षक ॠतु गुप्ता एवं खेमिन धुर्वे द्वारा महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बाल श्रम निषेध अधिनियम, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचाव, तथा महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध हिंसात्मक घटनाओं के दौरान सतर्कता एवं कानूनी सहायता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी दी गई। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनमें आत्मविश्वास का संचार करना और उन्हें समाज में सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

## आदिम जाति सेवा सहकारी समिति चारभाटा के धान खरीदी केंद्र में पौधारोपण किया गया



डोंगरगढ़(दावा)। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति चारभाटा के धान खरीदी केंद्र में एक पेड़ माँ के नाम पर नीम का पौधा रोपण किया गया। इसके अलावा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य अशोक नेताम, सरपंच श्रीमति अनिता अहिरवार, हनुमान दास साहू, सरपंच भागीरथी तारम, हनुमान दास साहू, उत्तम सिन्हा, पुरषोत्तम साहू, रोहित साहू, फागु दास साहू, शारदा साहू जोहन यादव, देनेश्वर पुराम सहित ग्रामीणों के द्वारा पंचास पौधा रोपित किया गया।

# अपने ही दोस्त को जान से मारने के लिये चाकू से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने लिया गिरफ्तार

**डोंगरगढ़(दावा)। चाकूबाजों पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। एक घटनाक्रम में आरोपी ने अपने ही दोस्त को जान से मारने के लिये चाकू से हमला कर दिया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी एवं आह्त दोनों बचपन के दोस्त है। आरोपी पाँच दिन पहले हुये झगड़ा के रंजीश पर अपने ही दोस्त पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू को जप्त किया है।**




आरोपी के विरूद्ध हत्या के प्रयास के लिए धारा- 296, 351(2), 109 बीएनएस के तहत कार्यवाही कर उसे जेल भेजा गया। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं एसडीआपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, अवैध गांजा, शराब, विक्रेता चाकुबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि पर चाकू या आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों पर डोंगरगढ़ पुलिस निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है।

गत 03 जुलाई को लगभग 7 बजे के करीब आरोपी श्याम निषाद उर्फ छोटू बिहारी पिता बिहारी निषाद उम्र- 20 साल निवासी ताजिया चौक राधिका नगर डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. ताजिया चौक के पास अपने दोस्त निथाज्जुद्दीन उर्फ आशिफ खान निवासी कश्मीरी पारा डोंगरगढ़ को अकेल जाते देख दोनों के बीच पाँच दिन पूर्व हुये लड़ाई-झगड़ा पर रंजीश रखते हुये आरोपी माँ-बहन की गंदी-गंदी गाली देकर तुझे आज जान से खत्म कर दुंगा कहकर अपने पास रखे धारदार चाकू से निथाज्जुद्दीन उर्फ आशिफ खान पर चाकू से बार-बार जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर घायल कर दिया। जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अप.क्र.- 339/2025 धारा- 296, 351(2), 109 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी का पता तलाश कर आरोपी श्याम निषाद उर्फ छोटू बिहारी से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, उप निरीक्षक राजेश कुमार, प्र.आर.- अखिल अम्बादे, आरक्षक योगेन्द्र देशमुख, म.आर.- रोजलीन सामीयल का विशेष योगदान रहा है।

# चमचमाती नई सड़क नेशनल हाइवे 6 खुटेरी से सुरगी पहुंच मार्ग पर डाली गई मुरुम





राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना नवीनीकरण कार्य (नेशनल हाइवे) एनएच-6 से सुरगी पहुंच मार्ग जिसकी लंबाई 11.400 किलोमीटर है। नवीनीकरण कार्य लागत 449.82 लाख है। समूह क्रमांक सीजी 15 एम 49 सन 2024-25 में ठेकेदार का नाम व पता राजकांन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड दुर्ग (छ.ग.), कार्यपालन अभियंता का नाम पदम संभव मिश्रा, कार्यपालन अभियंता प्रक्रिया इकाई क्रमांक 1, छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्राम विकास विभाग जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ द्वारा नवीनीकरण कार्य की प्रारंभ तिथि 28 मार्च 2025 और नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने का दिनांक संभावित 11 अप्रैल 26 निर्धारित किया गया है।

राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मुख्य मार्ग नेशनल हाइवे एनएच-6 से सुरगी पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य को किया गया है। पहली बारिश में ही सड़क पर दरारे और गड्ढे पडना शुरू हो गया है। जिसको छुपाने के लिए आज 5 जुलाई को शिवनाथ नदी भर्रेगांव पुल के पास गड्ढे को पाटने के लिए मुरमी डाला गया है और ग्राम आरला के पास भी गड्ढों को भरने के लिए मुरमी को डाला गया है। किस तरह से ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन सड़क का निर्माण किया गया है। यह पहली बारिश में ही सड़क की गुणवत्ता की पोल खुलने लगी है। शासन प्रशासन को चाहिए कि ऐसे ठेकेदार के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

# नीरज विद्या मंदिर में पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम



डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई, अंग्रेजी माध्यम), मोहड़ में पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं अंचल के शिक्षाविद् इंजी. नीरज बाजपेयी सर की मंशानुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में पालकों की शानदार उपस्थिति रही। प्री-प्रायमरी एवं प्रायमरी विंग के इस कार्यक्रम में नए सत्र में दाखिल हुए बच्चों के पालकों को उनके पाल्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। संस्था की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्या सुश्री अंजु मजहान ने कार्यक्रम की जानकारी सिलसिलेवार दी। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने इस तरह के प्रोग्राम को समय की मांग बताया। उन्होंने पालकों को अपने पाल्य के प्रतिपॉजिटिव रहने को कहा। पेरेंट्स यदि बच्चों को क्वालिटी टाइम देते हैं तो इस का सुखद परिणाम उन्हें भविष्य में मिलेगा। प्राचार्या सुश्री जहान ने कहा कि ओरिएंटेशन या अभिविन्यास (दिशानिर्देश) पालकों को सही दिशा में सोचने एवं कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने भविष्य में ऐसे कार्यक्रम करने का संकल्प भी लिया।

प्रोग्राम की जानकारी शिल्पा सिंह मैम ने दी। प्री-प्रायमरी के टीचर्स काइंट्रोडक्शन रोचक ढंग से हुआ। नर्सरी से कक्षा पांचवी तक की अकादमिक जानकारी अंग्रेजी की व्याख्याता श्रीमती शिप्रा श्रीवास्तव एवं श्रीमती स्वाति जैन ने दी। जादुई पिटारे ने उपस्थित पालकों का मन मोह लिया। अन्य रोचक गतिविधियों के जरिए सैयद नूरजहां मैम ने पालकों को कार्यक्रम से जोड़े रखा। प्रोग्राम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। इस पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम को सफल बनाने में प्रशासक जीराम सिन्हा सहित प्री-प्रायमरी की श्रीमती आशा साहू, श्रीमती लाकेश्वरी साहू, श्रीमती श्वेता देवांगन, श्रीमती सोनिका श्रीवास्तव एवं अनुमेहा जैन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने किया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में शिक्षक घनश्याम तिवारी ने दी।

# बिहार मुक्ति आंदोलन का पॉचवा दिन- बौद्ध उपासकों ने लगाई शासन से गुहार

(राजेश मेश्राम)




जोंधरा (दावा)। बिहार के गया स्थित बौद्ध बिहार को संपूर्ण रूप से बौद्ध उपासकों को सौंपने हेतु राजनांदगांव में जारी राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन का आज पांचवा दिन रहा, जिसमें सैकड़ों की संख्या में बौद्ध उपासक धरना स्थल पर पहुंचकर धरना को समर्थन दिया। इस अवसर पर धरना को संबोधित करते हुए राजनांदगांव बौद्ध बिहार के भिक्षु धम्मतप ने कहा कि हमारे पास रहने के लिए सिर्फ यही एक धरती है, इस धरती के अतिरिक्त कोई दूसरी जगह नहीं है जहां हम जाकर निवास कर सकते हैं,, हमें यही रहना है और जो कुछ भी हम आज करेंगे वो हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए होगी। इसलिए आज हम ऐसा कुछ कर जाये कि हमारी आने वाली पीढ़ियां हम पर गर्व कर सके। हमें उन पीढ़ियों के चलने के लिए साफ-सुथरा रास्ता बनाना है ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो, आज भी हम बौद्ध बिहार को बौद्ध समाज को सौंपवाने में सरकार से असफल रहे तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नही कर पायेगी। भिक्षु धम्मतप ने कहा कि इस आंदोलन में भारत के प्रत्येक बौद्ध धर्मावलंबी शामिल है। जिस कुल को ज्ञान की प्राप्ति ही भारत में हुई हो जिसकी प्रतिमा भारत में हो उस पर अधिकार सिर्फ बौद्धो का होगा और ये अधिकार हम सरकार से लेकर रहेंगे। विदित हो अंग्रेजों द्वारा आजादी के पूर्व जो व्यवस्था बौद्ध बिहार के लिए की गयी थी, संविधान लागू होने के बाद वह स्वमेय समाप्त हो गया। पर बौद्ध बिहार में आज भी ये परिपाटी जिंदा है। संविधान लागू होने के पूर्व ट्रस्ट में चार हिन्दू ब्राम्हण और चार बौद्ध भिक्षु लिए जाते थे जब देश के सभी हिस्सों में अंग्रेजों के द्वारा बनाई परंपरा समाप्त हो चुकी है तो आखिर गया स्थित बौद्ध बिहार में ही यह नियम क्यूँ? धरना को संबोधित करते हुए भिक्षु आम्रपाली ने कहा कि हमें फक्र है कि बौद्ध धर्म विश्व के सबसे ज्यादा देशों में माना जाता है और क्यों न माना जाये आखिर बौद्ध धर्म स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर जो यकीन रखता है। उन्होंने भी बौद्ध बिहार को बौद्धों सौंपवाने केन्द्र सरकार से अपील की।

### धरना प्रदर्शन में शामिल उपासकों ने की अपील

धरना प्रदर्शन में शामिल भन्ते, धम्मतप, शामनेर, कोण्डेल, पट्टीसेन, वप्पपटाचारा आम्रपाली, ऑल इंडिया बौद्धिस्ट फोरम के कन्हैयालाल खोब्रागढ़े, बुद्धमित्रा वासनिक, संतोष बौद्ध, सुशांत संजय हुमने, कुणाल बोरकर, दिलीप डोंगरे, प्रमोद मेश्राम, वंदना मेश्राम, नंदा मेश्राम, हर्षिता गजभिये, रजनी बांगड़े, मीनाक्षी श्रीरंगे, निर्मला वासनिक, सायना गजभिये आदि ने जिले सहित दूसरे अन्य जिलो में निवासरत बौद्ध उपासकों को इसमें अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धरने को सफल बनाने की अपील की है।

# जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की बैठक सम्पन्न



**पशुपालन, मत्स्य पालन एवं महिला स्व-सहायता समूहों के लिए ऋण प्रकरणों के शीघ्र निपटान के निर्देश**

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की बैठक आयोजन की गई। बैठक में कलेक्टर चंद्रवाल ने बैंकों को प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत विशेष रूप से पशुपालन एवं मछली पालन के लिए किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अधिक से अधिक ऋण प्रकरण तैयार कर उन्हें शीघ्र स्वीकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्व-सहायता समूह बैंक क्रेडिट लिंकेज और एनआरएलएम से जुड़े महिला समूहों को व्यक्तिगत उद्यम हेतु ऋण देने की प्रक्रिया को भी तेजी से पूर्ण करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी शाखा प्रबंधकों को 'वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर' योजना को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाई जा सकें। बैठक में जिला स्तरीय विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक हर्ष देशमुख और जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### यूट्यूब करने जा रहा बड़ा बदलाव, अब ऐसे वीडियो के नहीं मिलेंगे पैसे

नई दिल्ली। यूट्यूब अपनी मोनेटाइजेशन पॉलिसी में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब ऐसे क्रिएटर्स पर शिकंजा कसा जाएगा जो बार-बार एक जैसे, बिना मेहनत के और एआई वीडियो अपलोड करते है। यह बदलाव 15 जुलाई से होने वाले है।

दूसरे का कंटेंट उठाकर थोड़ा सा बदलना अब नहीं चलेगा। वीडियो को इतना बदला जाना चाहिए कि वो नया और आपका खुद का लगे। रिपेटेटिव वीडियो पर लगेगी रोक, बार-बार एक जैसे टेम्पलेट्स में बने वीडियो, रोबोट जैसी आवाजे, बिना जानकारी या एंटरटेनमेंट के वीडियो की अब इनकी पहचान की जाएगी। YouTube चाहता है कि प्लेटफॉर्म पर असली, नया और दिलचस्प कंटेंट हों. इसी लिए YouTube Partner Programme (YPP) में अब रिपेटेटिव और मास-प्रोड्यूस्ड कंटेंट की जांच और कड़ी की जा रही है। हालांकि YouTube ने AI का नाम नहीं लिया है, लेकिन माना जा रहा है कि AI से बने वीडियो जिनमें मानवीय टच नहीं होता, जैसे कि ऑटो-जनरेटेड आवाजें और रिएक्शन, वो भी इस सख्ती की चपेट में आ सकते हैं।

### यशस्वी जायसवाल के विकेट को लेकर अंपायर से भिड़े बेन स्टोक्स, बीच मैदान हुई तू-तू मैं-मैं

नई दिल्ली। एजबेस्टन टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की अंपायर्स के साथ तीखी बहस देखने को मिली। यशस्वी जायसवाल के छ्रक्रस् को लेकर उन्होंने बीच मैदान हंगामा कर दिया। दरअसल, अंपायर्स ने यशस्वी जायसवाल को 15 सेकंड का समय खत्म होने के बाद भी छ्रक्रस् लेने की अनुमति दी गई। जायसवाल को तीसरे दिन भारत की दूसरी पारी में अंपायर्स ने एलबीडब्लू आउट दिया। साथी प्लेयर केएल राहुल से चर्चा के बाद यशस्वी ने छ्रक्रस् लेने का फैसला लिया। जब तक यशस्वी ने छ्रक्रस् के लिए इशारा किया, तक तक टाइमर 0 हो चुका था। इसके बाद भी ऑन फील्ड अंपायर ने तीसरे अंपायर के पास फैसला भेज दिया।

### एंबुलेंस खराब होने से 19 वर्षीय क्रिकेटर की दर्दनाक मौत

जासं, भुवनेश्वर। ओडिशा के गंजाम जिले में एक घटना में सरकारी एंबुलेंस के खराब होने के कारण 19 वर्षीय क्रिकेटर शंकर महारणा की मौत हो गई। यह घटना खल्लीकोट घाट इलाके में गुरुवार को हुई। क्रिकेट खेलते समय पेट में गेंद लगने से शंकर घायल हो गया था। स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एमकेसीजी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल बरहामपुर रेफर किया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में मौत हो गई। मृतक शंकर के बड़े भाई सीबा ने बताया कि एंबुलेंस खराब होने के बाद उन्हें दूसरी एंबुलेंस की व्यवस्था करने में लगभग तीन घंटे लग गए। जब हम अपने भाई को लेकर मेडिकल कालेज पहुंचे तो डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### संजू सैमसन बने सबसे महंगे प्लेयर

नई दिल्ली। केरल के स्टार क्रिकेट संजू सैमसन केरल क्रिकेट लीग के दूसरे सीजन में खेलते हुए नजर आएंगे। कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने उन्हें 26.60 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा है। इसके साथ ही वह लीग में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। सैमसन का बेस प्राइस 3 लाख रुपये था। कोच्चि ने उन्हें रिकॉर्ड कीमत पर खरीदा। फ्रेंचाइजी ने 50 लाख के पर्स में से आधे से अधिक रकम सैमसन पर ही खर्च कर दी। केरल क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में सैमसन पहली बार खेलते नजर आएंगे। इससे पहले दिसंबर 2024 में वायनाड में आयोजित तैयारी कैंप में शामिल न होने के कारण उन्हें विजय हजारे ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया गया था। केरल अपने इतिहास में पहली बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा।

### विशाल मेगा मार्ट में लगी आग से दो की मौत

नई दिल्ली। करोल बाग के विशाल मेगा मार्ट में आग लगने के




मामले में यूपीएससी के छात्र समेत अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। फिलहाल राहत और बचाव का काम 24 घंटे बाद भी जारी है। चार मंजिला इमारत के कोनों में रह-रहकर आग भड़के जा रही है। शुक्रवार शाम करीब पौने सात बजे से दमकल की 26 गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हुई हैं। दमकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद ही इमारत में गहन तलाशी हो पाएगी। फिलहाल अंदर का तापमान बहुत ज्यादा है। शनिवार शाम तक 10 गाड़ियां कूलिंग के काम में जुटी थीं। इस दौरान दमकल के अलावा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद थे। हादसे में यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र कुंवर धीरेंद्र विक्रम सिंह (24) की मौत हो गई। शुक्रवार देर रात उसका शव इमारत की लिफ्ट से बरामद हुआ। विक्रम की दम घुटने से मौत होने की बात की जा रही है। वहीं शनिवार दोपहर के समय दूसरी मंजिल बुरी तरह जला हुआ एक अन्य शव बरामद हुआ। उसकी पहचान नहीं हो पाई।

# यूपी में दूल्हे समेत आठ की मौत: पीएम ने संभल हादसे पर जताया दुख, मृतकों के परिजनों को मिलेंगे दो लाख

संभल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभल जिले में हुए सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पीएम ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि संभल दुर्घटना में जान गंवाने वालों की मौत से गहरा दुख हुआ है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना।

घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मेरठ-बदायूं रोड पर शुक्रवार की शाम बरातियों की बोलेरो अनियंत्रित होकर इंटर



कॉलेज की दीवार से टकरा गई। इस हादसे में दूल्हे सूरज पाल (20) समेत आठ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दूल्हे की बहन, चाची, चचेरी बहन और रिश्तेदार भी शामिल हैं। संभल के जुनावई थाना क्षेत्र के हरगोविंदपुर गांव निवासी सुखराम ने अपने बेटे सूरज की शादी जनपद बदायूं के थाना बिल्सी क्षेत्र के सिरसौल गांव में तय की थी। शुक्रवार की शाम बरात गांव सिरसौल जा रही थी। बरातियों की 11 गाड़ियां पहले ही सिरसौल के लिए रवाना हो गई थीं। एक बोलेरो पीछे रह गई थी, जिसमें दूल्हे समेत 10 लोग सवार थे। रास्ते में बोलेरो जुनावई स्थित जनता इंटर कॉलेज की दीवार जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने किसी तरह से घायलों को बोलेरो से बाहर निकला और सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने दूल्हे सूरज पाल (20), उसकी बहन कोमल (15), चाची आशा (26), चचेरी बहन एश्वर्या (3), चचेरे मामा बुलंदशहर के हींगवाड़ी निवासी सचिन (22), सचिन की पत्नी मधु (20) ममेरा भाई बुलंशहर के खुर्जा निवासी गणेश (2) पिता देवा, गांव निवासी चालक रवि (28) की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल हिमांशी और देवा अलीगढ़ मं भर्ती कराया गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही शादी वाले घर में कोहराम मच गया। परिजन और रिश्तेदार भी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। संभल एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि तेज रफ्तार के कारण हादसा हुआ है। बोलेरो कॉलेज की दीवार से टकरा गई थी।

## भूकंप के झटकों से हिली जापान की धरती

नई दिल्ली। तेज भूकंप के झटकों से जापान की धरती हिल गई। शनिवार को जापान के कागोशिमा में भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गई है। इस भूकंप का केंद्र जमीन के नीचे 10 किलोमीटर की गहराई पर था। अर्थ क्वैक ट्रैक के अनुसार, शनिवार को जापान में अब तक दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। दूसरा भूकंप भी कागोशिमा में आया है। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.5 आंकी गई है। ऐसे में जापान में अलग ही भय का माहौल है।



दशकों पुरानी मंगा भविष्यवाणी में दावा किया गया था कि 5 जुलाई, 2025 को जापान में भयंकर आपदा आएगी, जिससे पूरे एशिया में चिंता फैल गई है। कई अटकलों के बाद 5 जुलाई को जापान में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इससे लोगों के अंदर डर बैठ गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भयंकर आपदा, भूकंप या सुनामी के डर से लोग जापान जाने की यात्रा भी रद्द कर रहे हैं।

यह भविष्यवाणी 2021 में लिखी गई मंगा %द फ्यूचर आई सॉ% पर आधारित है, जिसे रयो तात्सुकी ने लिखा है। रयो तात्सुकी को %जापान के बाबा वंगा% के रूप में भी जाना जाता है, जिन्होंने 1995 के कोबे भूकंप और 2011 के तोहोकू सुनामी की भी भविष्यवाणी की थी।

जापान के कागोशिमा प्रान्त में टोकारा द्वीप समूह में पिछले दो हफ्तों में 1000 से अधिक भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।

## चौथे दिन का खेल समाप्त, इंग्लैंड का स्कोर 72/3; जीत के लिए चाहिए और 536 रन

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 का दूसरा मुकाबला जारी है. इस मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए 608 रनों का टारगेट दिया है. टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चौथे दिन (5 जुलाई) स्टम्प तक अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट के नुकसान पर 72 रन बना लिए. ओली पोप 24 और हैरी ब्रूक 15 रन पर नॉटआउट हैं. इंग्लैंड को जीत के लिए 536 रन और बनाने होंगे, जबकि भारत को जीत के लिए 7 विकेट की जरूरत है. भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 427 रन के स्कोर पर घोषित की. भारत की दूसरी पारी में शुभमन




गिल ने 161 रन बनाए. मुकाबले में भारत ने पहली पारी में 587 और इंग्लैंड ने अपनी पहली इनिंग्स में 407 रन बनाए. पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम को 180 रनों की लीड मिली थी.

टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में जैक क्राउली (0) का विकेट गंवा दिया. क्राउली को मोहम्मद सिराज ने सब्स्टीट्यूट प्लेयर साई सुदर्शन के हाथों कैच आउट कराया. फिर बेन डकेट को आकाश दीप ने चलता किया, जिससे इंग्लैंड का स्कोर 2 विकेट पर 30 रन हो गया. भारतीय टीम को सबसे बड़ी सफलता आकाश दीप ने दिलाई, जिन्होंने जो रूट (6) को बोल्ड किया.

## भारत ने दिखाया है कि कैसे पैमाना और गति एक साथ चल सकते हैं : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

रियो डी जेनेरियो। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोर देकर कहा कि भारत एक अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्था और वैश्विक स्तर पर प्रभाव पैदा करने वाले देश के रूप में अपनी दोहरी भूमिका के साथ न केवल अपने लिए बल्कि अपनी आकांक्षाओं को साझा करने वाले सभी लोगों के लिए परिवर्तन का नेतृत्व करते हुए मजबूत स्थिति में है।




आधिकारिक यात्रा के दौरान 'चैलेंजेस फॉर फाइनेंसिंग सस्टेनेबल डेवलपमेंट फॉर द ग्लोबल साउथ' विषय पर फ्लैगशिप 'गवर्नर्स सेमिनार' को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि ग्लोबल साउथ में सस्टेनेबल डेवलपमेंट को वित्तपोषित करना केवल धन जुटाने के बारे में नहीं है, यह निष्पक्षता, विश्वास और नेतृत्व का निर्माण करने से भी जुड़ा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा, भारत के लिए, लाखों लोगों के लिए आवास, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आजीविका तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विकास में तेजी लाना आवश्यक है। साथ ही, हीटवेव, वॉटर स्ट्रेस और एक्ट्रीम वेदर की घटनाओं जैसे जलवायु संबंधी जोखिम भी बढ़ रहे हैं। भारत 'नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन' और प्रांत-स्तरीय जलवायु कार्रवाई योजनाओं जैसी पहलों के माध्यम से उन्हें इंटीग्रेट करने के लिए तेजी से काम कर रहा है।वित्त मंत्री ने कहा, वास्तविक चुनौती डेवलपमेंट और सस्टेनेबिलिटी के बीच चयन करना नहीं है, बल्कि खास तौर पर उभरते बाजारों और विकासशील देशों (ईएमडीई) के साथ साझेदारी में ऐसी नीतियां तैयार करना है, जो समावेशी विकास को बढ़ावा दें और सस्टेनेबल डेवलपमेंट को मजबूत करें। वित्त मंत्री ने आगे कहा, जैसा कि हम 2030 के एजेंडे की ओर प्रयास कर रहे हैं, कोरोना महामारी के बाद विकासशील देशों में सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल (एसडीजी) के लिए वित्तपोषण का अंतर सालाना 4.2 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया है, जो महत्वाकांक्षा और वास्तविकता के बीच बढ़ते अंतर को दर्शाता है। उन्होंने कहा, भारत एक अनोखे चौराहे पर खड़ा है। एक अरब लोगों की आकांक्षाएं तेजी से बदलते ग्रह की अनिवार्यताओं के साथ मिलती हैं। भारत ने दिखाया है कि कैसे पैमाना और गति एक साथ चल सकते हैं।

यूपीआई, आधार और जन धन जैसी परिवर्तनकारी नीतिगत पहलों के माध्यम से, देश ने वित्तीय समावेशन को अंतिम मील तक पहुंचाया है। वित्त मंत्री ने कहा, गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान, नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन में तेजी लाने के लिए 220 गीगावाट से अधिक रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता की स्थापना जैसे कार्यक्रमों से हमारी नीति इकोसिस्टम को मजबूती मिली है।

## भारत में हर घंटे 60 अतिरिक्त उड़ानें जुड़ी और हर 40 दिन में एक नया हवाई अड्डा बना : नागरिक उड्डयन मंत्री

नई दिल्ली ,05 जुलाई । केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि हर 40 दिन में एक नए हवाई अड्डे के साथ देश में मात्र 10 वर्षों में 88 नए हवाई अड्डे बने हैं और हर घंटे 60 अतिरिक्त उड़ानें जुड़ी हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, आज भारत में उड़ान भरना अधिक सुलभ और किफायती हो चुका है। केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारतीय आकाश अधिक जुड़ा हुआ, प्रतिस्पर्धी और सहयोगात्मक है। उन्होंने समावेशी विमानन विकास को प्राप्त करने के लिए सहयोगात्मक, राज्य-विशिष्ट रणनीतियों के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता दोहराई।



नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा आयोजित उत्तर क्षेत्र नागरिक उड्डयन मंत्रियों का सम्मेलन 2025 में केंद्रीय मंत्री ने कहा, इस रणनीतिक पहल के माध्यम से हमारा उद्देश्य क्षेत्रीय अवसरों की पहचान करना और टियर 2 और 3 श्रेणी के शहरों की अपार क्षमता को साकार करना है। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र राज्य में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, पर्यटन और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में हो रही प्रगति की सराहना की और राज्य की पहाड़ी भू-भागों में हेलीकॉप्टर संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की महत्ता को रेखांकित किया, जिसके लिए राज्य सरकार और मंत्रालय दोनों प्रतिबद्ध हैं। मंत्रालय द्वारा विमानन क्षेत्र में राज्यों के लिए अवसरों पर कई प्रस्तुतियां दी गईं। मंत्रालय द्वारा राज्यों के लिए उपलब्ध अवसरों पर प्रस्तुतियों के बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू के नेतृत्व में राज्य सरकारों के प्रतिनिधिमंडलों और मंत्रालय के अधिकारियों के मध्य बैठकें आयोजित की गईं।

इन बैठकों के साथ राज्यों को अपनी आवश्यकताओं और सुझावों को सीधे मंत्रालय के समक्ष रखने का अवसर मिला। साथ ही, राज्य सरकारों ने विमानन उद्योग के प्रमुख हितधारकों (एयरलाइंस, ओईएमएस, एफटीओएस, एमआरओएस, एएआई, पीएचएल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों) से भी सीधे चर्चा की।

## वैज्ञानिकों ने खोजा पानी से भरपूर 'सुपर अर्थ', पृथ्वी से है चार गुना अधिक भारी

नई दिल्ली। हमारे सौर मंडल को लेकर हर कोई उत्सुक रहता है कि आखिर अंतरिक्ष में क्या-क्या है? इसके लिए वैज्ञानिक तरह-तरह की खोज करते रहते थे। इस बीच वैज्ञानिकों ने सौर मंडल से बहुत दूर एक नया %सुपर अर्थ% ग्रह खोजा है। वैज्ञानिकों ने इस ग्रह का नाम TOI-1846b रखा गया है और यह पृथ्वी से करीब 154 प्रकाश वर्ष दूर है। इस नए ग्रह का आकार लगभग 1.792 पृथ्वी रेडियस है और इसका भार पृथ्वी से 4.4 गुना अधिक है।



TOI-1846b अपने तारे की परिक्रमा मात्र 3.93 दिनों में पूरी कर लेता है। यानी इसका एक साल सिर्फ चार दिनों जितना होता है। ग्रह की सतह का तापमान करीब 568 केल्विन (लगभग 295एष्ट) अनुमानित किया गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह ग्रह जल से भरपूर हो सकता है, लेकिन इसकी पुष्टि के लिए और परीक्षणों की आवश्यकता है। वैज्ञानिकों ने TOI-1846b की पुष्टि न केवल ञ्श्वस्स् के डाटा से, बल्कि जमीन-आधारित कलर फोटोग्राफी, उच्च-रिजॉल्यूशन इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपिक अवलोकनों से भी की है।

इस ग्रह की संरचना को बेहतर ढंग से समझने के लिए आवश्यकता है, जिसे रूक्रह्लह्ह-ङ्ग जैसे आधुनिक यंत्र से संभव बनाया जा सकता है। स्कोर इस ग्रह के लिए 47 है, जोकि छोटे ग्रहों में जीवन खोजने के लिए आदर्श स्कोर 90 से थोड़ा कम है। ञ्जह्वढ्ढ-1846 नाम का तारा जिसकी परिक्रमा यह ग्रह करता है, सूर्य के आकार का लगभग 40त्न है और इसका भार भी 0.42 सौर द्रव्यमान है। इस तारे की सतह का तापमान 3568 केल्विन है और इसकी उम्र भी इस ग्रह की तरह करीब 7.2 अरब साल बताई गई है। इस साल की शुरुआत में वैज्ञानिकों ने एक और सुपर-अर्थ ग्रह ष्ठ 20794स्र खोजा था। यह पृथ्वी से 20 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है और इसका द्रव्यमान पृथ्वी से छह गुना ज्यादा है। यह ग्रह एक ऐसे तारे की परिक्रमा करता है जो सूरज जैसा है और ग्रह हैबिटेबल जोन में स्थित है, जिससे वहां तरल जल की संभावना जताई गई है। हालांकि, इसकी कक्षा वृत्ताकार न होकर अंडाकार है, जिससे वहां जीवन की संभावना पर संदेह बना हुआ है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**20 साल बाद मुंबई में एक मंच.....**

भाषा के लिए एकजुट नहीं होने देंगे. अगर किसी को मारा जाए और वो गुजराती से मिले तो क्या करे.आप मराठी मानुस के रूप में एक साथ आए हैं, लेकिन अब वे जातियों में विभाजित करने का प्रयास करेंगे. उनकी ऐसी मानसिकता है.मीरा रोड में एक शख्स ने गुजराती को थप्पड़ मारा.. लेकिन क्या किसी के माथे पर लिखा था कि वो गुजराती है. यह दो लोगों के बीच झगड़े का मामला था. लेकिन अगर वे दूसरी गलती करेंगे तो हम थप्पड़ मारेंगे, लेकिन बिना वजह किसी को नहीं छूएंगे गैर हिंदी राज्य ज़्यादा प्रगतिशील हैं और हमें हिंदी सीखनी चाहिए? हमें किसके लिए मराठी सीखनी चाहिए? मुझे हिंदी के लिए बुरा नहीं लगता, कोई भी भाषा अच्छी है. मराठी, तमिल, बंगाली, हिंदी. भाषा बनाने में कड़ी मेहनत लगती है.अमित शाह ने कहा कि जो भी अंग्रेज़ी जानता है, उसे शर्म आएगी, यही आपकी समस्या होगी. हमने 125 साल तक इस क्षेत्र पर शासन किया, क्या हमने मराठी थोपी? हम अटक गए, क्या हमने थोपी? हिंदी 200 साल पुरानी है.उन्होंने बस हमारी परीक्षा ली। दक्षिण में स्टालिन, कनमोझी, जयललिता, नारा लोकेश, आर रहमान, सूर्या, सभी ने अंग्रेजी में पढ़ाई की है? रहमान ने डायस छोड़ दिया जब एक वक्ता ने हिंदी में बोलना शुरू किया.बालासाहेब और मेरे पिता श्रीकांत ठाकरे ने अंग्रेजी में पढ़ाई की है, लेकिन वे मातृभाषा मराठी के प्रति बहुत संवेदनशील थे. बालासाहेब ठाकरे ने अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की, लेकिन उन्होंने मराठी भाषा से समझौता नहीं किया. किसी को भी मराठी को तिरछी नज़र से नहीं देखना चाहिए।

हमारे बच्चे इंग्लिश मीडियम जाते है तो हमारे मराठी पर सवाल उठते है, लालकृष्ण आडवाणी मिशनरी स्कूल में पढ़े है तो क्या उनके हिंदुत्व पर सवाल उठाए क्या? हम हिंदी थोपना बर्दाश्त नहीं करेंगे. वे बस मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करना चाहते हैं, यही उनका एजेंडा है. लेकिन वे ऐसा करने की हिम्मत करते हैं.. तब उन्हें मराठी मानुस की ताकत समझ में आएगी.वे मुद्दे को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं. अब वे यह मुद्दा उठा रहे हैं कि ठाकरे के बच्चे अंग्रेजी में पढ़े हैं. यह क्या बकवास है? कई भाजपा नेताओं ने अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की है.. लेकिन किसी को उनके हिंदुत्व पर संदेह है- राज ठाकरे इस रैली को मराठी एकता की जीत के रूप में मनाया जा रहा है और इसमें साहित्यकार, शिक्षक, कलाकार, कवि, पत्रकार और मराठी प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल होंगे. वर्ली डोम में 7,000-8,000 लोगों के बैठने की व्यवस्था है, और अतिरिक्त भीड़ के लिए बाहर और आसपास की सड़कों पर एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं.

इस रैली के माध्यम से ठाकरे बंधु यह संदेश देना चाहते हैं कि मराठी स्वाभिमान और भाषा के लिए अब राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठने की जरूरत है. हालांकि, इस मंच पर शरद पवार और कांग्रेस नेता हर्षवर्धन सपकाल की गैरमौजूदगी भी चर्चा का विषय है. मनसे की ओर से न्योता भेजा गया था, लेकिन वे रैली में शामिल नहीं हो रहे हैं.

**विजय रैली नहीं, बल्कि शोक का...**

दरअसल, शनिवार को राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने शनिवार को राज्य के स्कूलों में कक्षा 1 से तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को शामिल करने संबंधी सरकार द्वारा पहले जारी किए गए दो सरकारी आदेशों को वापस लेने का जश्न मनाने के लिए मुंबई में एक विजय रैली में सार्वजनिक मंच साझा किया। इस दौरान मंच से भाषण देते हुए राज ठाकरे ने मजाकिया अंदाज में फडणवीस को दोनों चचेरे भाइयों को एक साथ लाने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि ये बाल ठाकरे भी नहीं कर सके थे। ठाकरे ब्रदर्स की इस संयुक्त रैली के बाद सीएम फडणवीस की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने उद्धव ठाकरे पर तंज कसते हुए कहा कि बालासाहेब ठाकरे मुझे आशीर्वाद दे रहे होंगे। मुझे बताया गया था कि यह एक विजय रैली होनी थी, लेकिन यह एक रुदाली भाषण निकला। फडणवीस ने कहा कि इस कार्यक्रम में मराठी के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला गया और (उद्धव द्वारा दिया गया) भाषण इस बात पर केंद्रित था कि उनकी सरकार कैसे गिराई गई और वे कैसे सत्ता हासिल कर सकते हैं। आगे कहा कि यह रैली विजय उत्सव नहीं बल्कि रुदाली दर्शन थी।

**शुभांशु शुक्ला ने किया हड्डियों पर....**

के इलाज में भी हो सकता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बयान में बताया कि शुभांशु शुक्ला ने आईएसएस पर माइक्रोग्रैविटी में टार्डीग्रेड्स (एक तरह के सूक्ष्म जीव) पर आधारित प्रयोग भी पूरा किया। यह अध्ययन अंतरिक्ष में इन जीवों के जीवित रहने, दोबारा सक्रिय होने और प्रजनन व्यवहार पर केंद्रित था। इससे यह समझने में मदद मिलेगी कि ये जीव कठिन परिस्थितियों में कैसे जीवित रहते हैं और इसका लाभ धरती पर दवाओं के विकास में भी हो सकता है। शुक्ला और उनकी टीम मिशन के दौरान 60 वैज्ञानिक प्रयोगों में से कई पर काम कर रहे हैं और रविवार को वे एक्सिओम स्पेस की प्रमुख वैज्ञानिक लुसी लो से बातचीत करेंगे, ताकि इन प्रयोगों की प्रगति पर चर्चा की जा सके। शुक्ला ने मांसपेशियों की मरम्मत से जुड़े मायोजेनेसिस नामक अध्ययन में भी हिस्सा लिया, जिसमें यह देखा जा रहा है कि माइक्रोग्रैविटी में मानव मांसपेशियां कैसे पुनर्जीवित होती हैं। इसके साथ ही कुछ भारतीय प्रयोग भी चल रहे हैं, जिनमें चुनी हुई माइक्रो एल्गी और सायनो बैक्टीरिया की प्रजातियों को अंतरिक्ष की परिस्थितियों में देखा जा रहा है। इन प्रयोगों का मकसद ऐसी प्रणाली विकसित करना है, जो जीवन को पुनर्जीवित रख सके और अंतरिक्ष यात्रियों के पोषण की जरूरतों को पूरा कर सके। इसरो ने बताया कि एक अन्य अध्ययन इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के तहत शुक्ला ने हर दिन डिजिटल उपकरणों के साथ काम करने की मानसिक और तकनीकी प्रतिक्रिया की जांच की। इस अध्ययन का उद्देश्य यह जानना है कि अंतरिक्ष जैसी विशेष परिस्थितियों में अंतरिक्ष यात्री डिजिटल प्रणाली के साथ कैसे बेहतर तालमेल बिठा सकते हैं।

**इस्राइल ने गाजा पर फिर किए....**

60 दिन की सीजफायर योजना पर सकारात्मक जवाब दिया है। हमास की ओर से जारी बयान में बताया गया कि वे तुरंत बातचीत के लिए तैयार हैं। हालांकि इस बीच इस्राइल पहले ही अमेरिका द्वारा प्रस्तावित इस योजना को सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर चुका है। वहीं इस मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी उम्मीद जताई है कि अगले सप्ताह तक युद्धविराम का समझौता हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमें इसे अब खत्म करना होगा। साथ ही ट्रंप ने हमास को चेतावनी देते हुए कहा, अगर उन्होंने इस प्रस्ताव को नहीं माना, तो हालात और बिगड़ेंगे। प्रस्ताव के तहत हमास पहले चरण में 10 इस्राइली बंधकों को रिहा करेगा, जिनमें से 8 जीवित और 18 मृत घोषित किए गए हैं। इसके बदले में कुछ फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई होगी और इस्राइली सेना उत्तरी गाजा के कुछ हिस्सों से हटेगी। इसके बाद दोनों पक्ष स्थायी संघर्षविराम पर बातचीत शुरू करेंगे।

**भाजपा को जल्द मिलेगा नया अध्यक्ष....**

मुख्य बातों पर ध्यान दिया जा रहा है-संगठनात्मक अनुभव, क्षेत्रीय संतुलन और जातीय समीकरण। पार्टी जल्द ही एक केंद्रीय चुनाव समिति भी बना सकती है, जो राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया की निगरानी करेगी। यह समिति नामांकन, जांच और जरूरत पड़ने पर मतदान की प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाएगी। भाजपा ने हाल ही में संगठनात्मक चुनावों की शुरुआत की है, जिसकी शुरुआत देशभर में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति से हुई। भाजपा के संविधान के मुताबिक, मंडल स्तर पर चुनाव होने के बाद जिला अध्यक्ष चुने जाते हैं। जब आधे जिलों में चुनाव हो जाते हैं, तब प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होता है और जब आधे से ज्यादा राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष बन जाते हैं, तभी राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव किया जा सकता है। दो जुलाई को भाजपा ने अपने संगठन के पुनर्गठन के दूसरे चरण के तहत सात राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में नए प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा की थी। इससे पहले पार्टी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मिजोरम, पुडुचेरी और अंडमान व निकोबार द्वीप समूह में भी नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर चुकी है।

**हाफिज सईद को भारत को सौंपने....**

के मुंबई हमले के बाद पाकिस्तान आतंकियों की संलिप्तता के 1000 से अधिक डोजियर सौंपे थे, तो उसने आतंकियों के खिलाफ मामूली कार्रवाई तक नहीं की थी। वहीं अब बिलावल भुट्टो इंटरव्यू में भारत के सहयोग की बात कर रहे हैं। भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद सहित कई मुद्दों पर व्यापक चर्चा करता है। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि पाकिस्तान किसी भी चीज का विरोध नहीं करेगा। इंटरव्यू के दौरान जब बिलावल से आतंकियों को पालने में पाकिस्तान के तन-मन-धन से समर्थन, आसिम मुनीर के भड़काऊ बयानों और आतंकवाद फैलाने के अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के सबूत पर सवाल पूछा गया, तो वह जवाब तक नहीं दे पाए। बिलावल भुट्टो ने कहा कि हाफिज सईद पाकिस्तान में हिरासत में है और वह आजाद नहीं घूम रहा है। वहीं मसूद अजहर पर बोले कि वह पाकिस्तान में नहीं है।

**खड़गे कल आएंगे छत्तीसगढ़....**

रूप से शामिल होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। खरगे रायपुर में करीब 6 घंटे का समय बिताएंगे। खरगे एयरपोर्ट से सीधे सभास्थल गांधी मैदान जाएंगे। यहां सभा होने के बाद निजी होटल में वे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ दोपहर का भोजन करेंगे। फिर वे दोपहर करीब 3 बजे कांग्रेस मुयालय राजीव भवन पहुंचेंगे और लगातार दो बैठक करेंगे। इसके बाद वे शाम 5 बजे नियमित विमान से दिल्ली जाएंगे।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए...**

जनसेवा के कार्यों को निकट से देखने का अवसर मिला, उनमें ओडिशा के डॉ. अच्युत सामंत और नानाजी देशमुख का उल्लेख करना चाहूंगा। अभावों में पले-बड़े डॉ. अच्युत सामंत ने आजीवन जनता की सेवा का संकल्प लिया और भुवनेश्वर में एक बड़ा शिक्षण संस्थान स्थापित किया। इस संस्थान में वे लगभग 25 हजार जनजातीय बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इसी तरह, चित्रकूट में नानाजी देशमुख ने दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान के माध्यम से 500 गांवों को गोद लेकर उनके सर्वांगीण विकास का कार्य किया। वर्ष 2006-07 में जब मैं वहां गया, तब मुझे पता चला कि अब तक 80 गांवों को उन्होंने आत्मनिर्भर बना दिया है। इन गांवों में हर परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कार्य किया गया। ये उदाहरण हमें यह बताते हैं कि एक व्यक्ति भी कितना बड़ा परिवर्तन ला सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ हर दृष्टि से एक समृद्ध राज्य है। यहां 44 प्रतिशत भूभाग पर वन हैं। यहां की मिट्टी उर्वरा है और किसान मेहनतकश हैं। छत्तीसगढ के विकास में नक्सलवाद एक बड़ी बाधा था, जिसे हम समाप्त कर रहे हैं। जो नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं, उनके लिए हमने एक उत्कृष्ट पुनर्वास नीति बनाई है। जल्द ही राज्य नक्सलमुक्त होगा और बस्तर में सड़क, बिजली, पानी सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने आगे कहा कि, बस्तर संभाग के मुलेर ग्राम का अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के आदिवासियों को राशन के लिए 25 किलोमीटर का पैदल सफर करना पड़ता था, जिसमें तीन दिन लगते थे। कल्पना की जा सकती है कि यह इलाका विकास में कितना पीछे था। हमने मुलेर को अलग पंचायत बनाने का निर्णय लिया और वहां राशन दुकान खोली। जब मैं वहां गया, तो लोगों की खुशी उनके चेहरों पर साफ दिखाई दे रही थी। मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों से कहा कि गांवों का विकास किए बिना हम विकसित छत्तीसगढ़ नहीं बना सकते। प्रशिक्षण के इस समय का पूरा लाभ उठाएं।

# ग्रामीण अंचलों में विकास कार्यों के भूमिपूजन में शामिल हुए विक्रांत




**छुईखदान ब्लाक के पथर्रा, बागुर एवं गोकना में किया भूमिपूजन सम्बलपुर में शाला प्रवेश उत्सव भी मनाया गया**

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के नेतृत्व में ग्रामीण अंचलों में तेजी से विकास कार्य जारी हैं। इसी क्रम में छुईखदान ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में जैसे पथर्रा, बागुर, गोकना और सम्बलपुर में एक साथ कई विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं जन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

ग्राम पथर्रा में 2 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इसके साथ ही ग्राम बागुर में 3 लाख रुपये की लागत से बनने वाली नाली निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। वहीं ग्राम गोकना में भी 2 लाख रुपये के नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह संपन्न हुआ।

इन विकास कार्यक्रमों के अलावा ग्राम सम्बलपुर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों को शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर उपहार व पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विक्रांत सिंह ने सम्बलपुर में शासकीय स्कूल के प्रांगण में सी.सी. रोड निर्माण के लिए 2 लाख रुपये की घोषणा भी की, जिससे स्कूल परिसर में बुनियादी सुविधाओं में और सुधार हो सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गंडई मंडल भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर एवं छुईखदान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राजू जंघेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा, भाजपा सरकार के शासनकाल में गांवों तक विकास की रोशनी पहुँच रही है। सड़क, नाली, पेयजल और शिक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्रों में काम हो रहा है। किसानों, महिलाओं, विद्यार्थियों और युवाओं को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई गई हैं।

उन्होंने कांग्रेस शासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार सिर्फ घोटालों की सरकार रही है। विकास के नाम पर छलावा किया गया। अब भाजपा की डबल इंजन सरकार ग्रामीण अंचलों में विकास की मजबूत आधारशिला रख रही है। विकास कार्यों के प्रति ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत के सदस्य मनोज चतुर्वेदी, भाजपा नेता रवि भवनानी, भानुप्रताप साहू, लेखराम साहू, जितेंद्र पटेल, लीलाराम साहू, चन्द्रशेखर राजपूत, अजित राजपूत, संजय मनहरे, लिकेश साहू, तोहन साहू, परमानंद पटेल, तारन साहू, भोज साहू, मुक्ता साहू, नोहर जंघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में और भी कई योजनाएं इस अंचल में धरातल पर उतरेंगी, जिससे खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला विकास की नई मिसाल बनेगा।

# व्याख्याता की विदाई पर भावुक हुआ पूरा गांव, छात्र-छात्राओं की आंखें हुई नम

राजनांदगांव (दावा)। पं. तुलसी प्रसाद मिश्रा शा. उच्चतर माध्यमिक शाला चिरचारीकला में व्याख्याता मनहरण लाल पिथौरा के सेवानिवृत्त होने पर संकुल स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों से लेकर ग्रामीणों तक सभी भावुक नजर आए। छात्र-छात्राएं अपने प्रिय शिक्षक की विदाई पर फूट-फूटकर रो पड़े। समारोह में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक भोलाराम साहू ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, सरपंच भारती मंडावी, जिला महामंत्री नरेश शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि लालचंद साहू, पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष प्रहलाद मिश्रा, वर्तमान अध्यक्ष अंजनी शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत चितावरकर, प्राचार्य एसबी उर्वशा एवं स्त्रोत समन्वयक पीडी साहू मंचासीन रहे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन व छात्राओं के स्वागत गीत से हुई। इसके पश्चात विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। व्याख्याता पिथौरा को स्मृति चिन्ह, आदर्श पुस्तकें और अंगवस्त्र भेंटकर भावभीनी विदाई दी गई। विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि शिक्षक पिथौरा के अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ छात्रों को लंबे समय तक मिलता रहा है। विद्यालय को उनकी कमी हमेशा खलेगी। जिपं अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि पिथौरा सर ने अनुशासन, समर्पण और स्नेहभाव से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने कहा कि शिक्षक का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने विद्यार्थियों में ज्ञान का दीप जलाया है। मनहरण लाल पिथौरा ने अपने 12 वर्षों के सेवाकाल में चिरचारी कला में बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ समाज के प्रति समर्पण भाव से कार्य किया। ग्रामीणों से उनका गहरा जुड़ाव था, यही कारण रहा कि विदाई की सूचना मिलते ही गांव में जनसैलाब उमड़ पड़ा और हर आंख नम हो गई।

कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता विमला माहेश्वरी, संकुल समन्वयक भूषण वाडेकर, प्रधान पाठक हेमंत सलामे, गज्जू कन्नौजे, महेश पड़ोती, हीरालाल गजभिये, अखिल पटेल, देवेंद्र साहू, अशोक सहाड़े, संतोष निर्मलकर, चतुर साहू, प्रकाश सिलाता, पुष्पा चुरेंद्र, सेवती साहू, दीपमाला साहू, खेलन देवांगन, एकलव्य साहू, प्रेम भुआर्य, सविता सलामें सहित कई शिक्षक व ग्रामीण मौजूद रहे।

# शैक्षणिक गुणवत्ता हेतु विद्यालय में आईएएस टॉपर्स का यू-ट्यूब के माध्यम से प्रोजेक्टर द्वारा प्रसारण



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में 4 जुलाई को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित 'कठिन नहीं-सही मार्गदर्शन चाहिए' आईएएस टॉपर्स से मिलिए कार्यक्रम के तहत् विद्यालय में छात्र-छात्राओं को भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 में चयनित आईएएस आकाश गर्ग, आदित्य विक्रम, पूर्वा अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अंकित धवानी द्वारा जिले के युवाओं को लक्ष्य हासिल करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन का सीधा प्रसारण यू-ट्यूब के माध्यम से विद्यालय में प्रोजेक्टर द्वारा दिखाया गया।

इस कार्यक्रम में युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सही दिशा एवं सही मार्गदर्शन बहुत महत्वपूर्ण होता है और उनके कौशल एवं क्षमताओं को विकसित करने में मदद करता है। साथ ही साथ उन्हें सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक आत्मविश्वास पैदा करता है। इस कार्यक्रम को प्रमुखता से प्रोजेक्टर द्वारा छात्र-छात्राओं को दिखाने हेतु थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता का योगदान रहा। विद्यालय से जानकी वल्लभ तम्बोली व्याख्याता ने सुमीत कुमार, सागर कुमार, कक्षा 12 वीं के गणित संकाय के छात्रों को लेकर इस कार्यक्रम के लिए पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव गए थे। इस कार्यक्रम में प्राचार्य अशीम कुमार यदु, श्रीमती अनुराधा ढोक, श्रीमती रेखा मुरकुटे, श्रीमती सरोज भुर्वाय, थंगेश्वर कुमार साहू, जानकी वल्लभ तम्बोली, राजेश कुमार नेताम, जितेन्द्र कुमार कश्यप, नोहर दास लिल्हारे, पालक राम वर्मा, हरिचंद यादव, आशीष मसीह की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता के द्वारा किया गया तथा यह कार्यक्रम प्राचार्य अशीम कुमार यदु के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

# विश्व जूनोसिस दिवस पर जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा वेबिनार का आयोजन

खैरागढ़ (दावा)। विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा, जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. विद्या श्रीधरन एवं सहायक नोडल अधिकारी नागेश सिमकर के समन्वय से किया गया।

इस वेबिनार में जिले के समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सक, स्वास्थ्य विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य संयोजक, पर्यवेक्षक, स्टाफ नर्स और कार्यक्रम प्रबंधक शामिल हुए। वेबिनार का उद्देश्य जूनोसिस रोगों की जानकारी देना तथा उनके प्रभावी प्रबंधन और रोकथाम पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता केरल के शासकीय मेडिकल कॉलेज की सह-प्रोफेसर डॉ. आरती अच्युतन रहीं, जिन्होंने ब्रूसेलोसिस, रेबीज, स्क्रब टायफस जैसे प्रमुख जूनोसिस रोगों के कारण,




लक्षण, रोकथाम और उपचार की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से किसानों, पशुपालकों और ग्रामीण समुदायों में स्वास्थ्य शिक्षा एवं जन-जागरूकता अभियान की आवश्यकता पर बल दिया ताकि इन रोगों से बचाव संभव हो सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने जानकारी दी कि आगामी सोमवार 7 जुलाई को जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप-स्वास्थ्य केंद्रों में किसानों, पशुपालकों एवं संबंधित समुदायों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं पशु चिकित्सकों द्वारा वर्चुअल माध्यम से स्वास्थ्य परामर्श और प्रेजेंटेशन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

इस वेबिनार के आयोजन और सफलता में खिलेश साहू (डीडीएम), खेमराज साहू, सुश्री ऐश्वर्य साव (बीडीएम) तथा जन आरोग्य समिति के सदस्यों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। वेबिनार के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि ब्रूसेलोसिस और रेबीज जैसे रोग केवल पशुओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मनुष्यों में भी गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं। संक्रमित पशुओं से संपर्क, कच्चे दूध का सेवन, सफाई में लापरवाही तथा पशु टीकाकरण की अनदेखी से यह रोग फैलते हैं। वहीं रेबीज जैसी बीमारी संक्रमित जानवरों के काटने या खरोंचने से मनुष्यों में फैलती है, जिसके प्रारंभिक लक्षणों को नजरअंदाज करना घातक हो सकता है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि पशुपालकों को हमेशा दूध उबालकर ही सेवन करना चाहिए, गर्भपात से ग्रसित पशुओं को अलग रखना चाहिए और प्रसव या गर्भपात के समय सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना चाहिए। साथ ही, पशु शेड की नियमित सफाई, प्लेसेंटा का सुरक्षित निपटान और नियमित पशु जांच कराना भी आवश्यक है। ब्रूसेलोसिस से बचाव हेतु पशुओं का नियमित टीकाकरण आवश्यक बताया गया। रेबीज पर चर्चा करते हुए विशेषज्ञों ने बताया कि यह एक जानलेवा बीमारी है, जिसका उपचार नहीं है, लेकिन समय पर टीकाकरण करवाकर इससे बचाव संभव है। जानवर काटे जाने की स्थिति में घाव को तत्काल साबुन और पानी से धोना चाहिए, घाव को एंटीसेप्टिक से साफ कर रेबीज का टीका लगवाना जरूरी है। साथ ही, पालतू कुत्तों व बिल्लियों का नियमित टीकाकरण करवाना एवं आवारा कुत्तों से दूरी बनाए रखना भी आवश्यक बताया गया।

# अच्छी उपज की मंगल कामना के साथ किसान कृषि कार्य में जुटे



- खेती-किसानी के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज मिलने पर किसानों में प्रसन्नता
- रामकुमार एवं रूपेन्द्र ने खाद मिलने पर संतुष्टि जाहिर की
- किसान भूषण एवं रूपलाल के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना बनी मददगार

राजनांदगांव (दावा)। बारिश के साथ ही जिले में खेती-किसानी का कार्य जोरों पर है। अच्छी उपज की मंगल कामना के साथ किसान कृषि कार्य में जुट गए है। शासन की कृषक हितकारी योजनाएं उनके जीवन में खुशहाली एवं समृद्धि ला रही है। सरकार द्वारा धान के साथ ही कृषक उन्नति योजना का दायरा बढ़ाते हुए धान की फसल के साथ ही अब दलहन-तिलहन और मक्का की फसल लगाने वाले किसानों को भी लाभ मिलेगा।

किसान सहकारी समितियों से खाद-बीज ले रहे है। जिले में खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता है। राजनांदगांव विकासखंड के नया ढ़ाबा वार्ड क्रमांक 4 के किसान रामकुमार साहू ने बताया कि उनके पास 2.68 एकड़ जमीन है और वे धान, सरसों, मसूर, चना की खेती कर रहे है। सहकारी समिति में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है और उन्होंने 3 बोरी यूरिया, 1 बोरी पोटाश एवं आर्गेनिक फार्मिंग के लिए खाद खरीदा है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित का ध्यान रख रही है और कृषक उन्नति योजना से किसानों को बहुत लाभ मिल रहा है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोहड़ के किसान रूपेन्द्र साहू ने बताया कि उनके पास 2 एकड़ भूमि है, जिसमें वह मुख्यतः धान की फसल लेते है। उन्होंने सहकारी समिति से 2 बोरी यूरिया, 1 बोरी राखड़, 1 बोरी पोटाश रासायनिक खाद की खरीदी की है। उन्होंने बताया कि बोआई के लिए पर्याप्त वर्षा हो रही है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगाही के किसान अशोक कुमार साहू के पास 1.5 एकड़ कृषि भूमि है। उन्होंने बताया कि वर्षा होते ही वह कृषि कार्य में जुट गए है। खेती के लिए सहकारी समिति से 3 बोरी यूरिया, 1 बोरी पोटाश, 1 बोरी राखड़ खरीदा है।

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगाही के किसान भूषण साहू ने बताया कि उन्होंने सहकारी समिति में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत उन्होंने शून्य प्रतिशत दर पर खेती-किसानी के लिए 47 हजार रूपए ऋण लिया है। जिससे उन्हें बहुत मदद मिल रही है। उन्होंने द्वारा सरकार द्वारा किसानों से कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है, जो सराहनीय है। सहकारी समिति खाद खरीदने आए ग्राम बरगाही के किसान रूपलाल साहू ने कहा कि आज उन्होंने 2 बोरी यूरिया, 1 सुपर फास्फेट खरीदा है। पर्याप्त मात्रा में खाद मिल रहा है। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत उन्होंने शून्य प्रतिशत दर पर 20 हजार रूपए की राशि ऋण ली है।

# इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय में प्रवेश विवरणिका नए कलेवर में हुआ जारी



खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश विवरणिका का विमोचन शुक्रवार 4 जुलाई को कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी एवं सहायक कुलसचिव विजय कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### समग्र जानकारी एक स्थान पर

प्रवेश विवरणिका में विश्वविद्यालय की समस्त शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक जानकारियों को समाहित किया गया है। इसमें विश्वविद्यालय के लक्ष्य एवं उद्देश्यों के साथ-साथ विभिन्न संकायों एवं उनके अंतर्गत संचालित विभागों की विस्तृत जानकारी दी गई है।

0 विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सुविधाएंविवरणिका में संग्रहालय, सभागार, योग केंद्र, व्यायाम शाला, ग्रंथालय, दृश्य-श्रव्य प्रभाग एवं कंप्यूटर केंद्र जैसी सुविधाओं का उल्लेख किया गया है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होंगी।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम

प्रवेश प्रक्रिया के साथ-साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित नवीन पाठ्यक्रमों की जानकारी भी विवरणिका में सम्मिलित की गई है, जिससे विद्यार्थीगण समसामयिक शैक्षणिक परिवर्तनों से अवगत हो सकें।

### डिजिटल सुविधा से सुसज्जित

इस वर्ष विवरणिका को डिजिटल रूप में भी सुलभ बनाया गया है।। विद्यार्थियों की सुविधा हेतु महत्वपूर्ण लिंक एवं बारकोड प्रदान किए गए हैं, जिनके माध्यम से वे अपने मोबाइल पर ही आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### प्रशासनिक संपर्क की पारदर्शिता

विश्वविद्यालय के अधिकारियों की विभागवार सूची भी विवरणिका में दी गई है, जिससे विद्यार्थीगण संबंधित अधिकारियों से सीधे संपर्क स्थापित कर सकें।

### कुलपति का वक्तव्य

यह प्रवेश विवरणिका विद्यार्थियों के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगी। यह न केवल विश्वविद्यालय की संरचना को दर्शाती है, बल्कि विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक सफर में सहयोगी रहेगी।

# छत्तीसगढ़ी हास्य नाटक 'बुडुवा बिहाव' की शानदार प्रस्तुति



जय छत्तीसगढ़ी लोक सांसकृतिक संस्था 'गोदना' का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। गत 2 जुलाई बुधवार को शाम 6 बजे पदमश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ में छत्तीसगढ़ी नाटक 'बुडुवा बिहाव' का आयोजन 'जय छत्तीसगढ़ लोक सांस्कृतिक संस्था गोदना डोंगरगांव के द्वारा मंचन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि राकेश सिंह, योगेश अग्रवाल, अमलेन्दु हाजरा एवं आमोद श्रीवास्तव थे। अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन व स्वागत के पश्चात नाटक 'बुडुवा बिहाव' का मंचन किया गया।

नाटक 'बुडुवा बिहाव' में बताया कि पुराने जमाने के लोग जो वचन देते थे, उस वचन पर कायम रहते थे। इस नाटक में छेरछेरा के महत्व के साथ-साथ उसके अर्थो को भी बड़ी सहजता और सरलता के साथ कलाकारों ने मंच में प्रस्तुत किया। नाटक में एक बुढ़ा व्यक्ति अपनी शादी की बात एक लड़की के पिता से करता है, किन्तु लड़की का पिता यह समझ बैठता है कि वह अपने बेटे के लिए उसकी लड़की का हाथ मांग रहा है और वह हां कर देता है। जिस पर बुढ़ा व्यक्ति दुल्हा बनकर जब लड़की के घर में आता है तो हंगामा मच जाता है और लड़की के पिता को उसके वचन का वास्ता देकर वह बुढ़ा व्यक्ति उसकी जवान लड़की से शादी कर लेता है और अंत में उस बुढ़े व्यक्ति को लड़की का प्रेमी बेवकूफ बनाकर उसकी लड़की के साथ भाग जाता है। नाटक में हंसी-मजाक के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की संस्कृति और सभ्यता का मिश्रण दर्शकों को देखने को मिलता है।

इस नाटक का मंचन पहली बार राजनांदगांव में आम जनता के लिए किया गया। इस नाटक के अन्य कलाकार बिलासपुर व भोपाल से आए थे। साथ ही इस नाटक का निर्देशन रामशरण वैष्णव ने किया है तथा यह नाटक 1.30 घंटे का था। इस नाटक में 11 कलाकार मंच पर थे तथा गायन पक्ष में 5 कलाकार व संगीत पक्ष में 4 कलाकार ने अपने संगीत से दर्शकों को बांधे रखा।

# कॉन्फलुएंस महाविद्यालय द्वारा आयोजित ओपन कैंपस में 2 विद्यार्थियों का बैंकों में चयन

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फलुएंस कॉलेज विद्यार्थियों का न केवल शैक्षणिक विकास करता है बल्कि उचित कैरियर गाइडेंस प्रदान कर उनके कैरियर के लिए एक रास्ता भी बनाता है जिसके तहत महाविद्यालय में विभिन्न कंपनियों प्लेसमेंट के लिए आती है और विद्यार्थियों को चयनित करती है। इस वर्ष भी आयोजित ओपन प्लेसमेंट कैंपस में दो होनहार विद्यार्थियों का चयन हुआ है।




इस कैंपस में दिग्विजय महाविद्यालय, शिवनाथ साइंस कॉलेज, कमला कॉलेज, सीआईटी कॉलेज, अशोक कॉलेज, एवं रॉयल कॉलेज के साथ-साथ अन्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया था जिसमें लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। एनआईआईटी प्रमुख विकास पांडेय और वेद विद्यार्थी प्रमुख चिंतामणि यादव के मार्गदर्शन में राखी सोनकर और श्रेयांश सोनी का चयन क्रमशः एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक में हुआ है।

प्राचार्य डॉ. रचना पाण्डेय ने दोनों विद्यार्थियों के साथ साथ उनके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि इन्होंने इस उपलब्धि से महाविद्यालय को गौरवान्वित करने के साथ साथ अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित करने का काम किया है।

संचालक डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल और आशीष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से उनको बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय इस तरह का कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन प्रतिवर्ष करता रहेगा जिससे महाविद्यालय में पढ़ने वाले प्रत्येक विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत चयन हो और उनका भविष्य उज्जवल हो।

# भाजपा राज में छत्तीसगढ़ बना अपराधों का गढ़ - संदीप सोनी



**संस्कारधानी के नाम पर अब उठने लगे सवाल**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शांत और सुरम्य प्रदेश रहा है और इसे छत्तीसगढ़ का राजनांदगांव शहर संस्कारों के लिए जाना जाता रहा है। इसी कारण इस शहर का नाम संस्कारधानी पड़ा है। अब स्थिति विपरीत होती जा रही है। भाजपा के शासनकाल में छत्तीसगढ़ अपराधों का गढ़ बन गया है। वही राजनंदगांव जैसे छोटे शहर में बड़े-बड़े अपराध होते जा रहे हैं। दूसरे राज्यों के भी खतरनाक अपराधी यहां मुकाम बनाने लगे हैं।

यह स्थिति निकट भविष्य में गंभीर खतरे को दर्शा रही है। यह बात कहते हुए कांग्रेस के युवा नेता संदीप सोनी ने कहा कि पुलिस को यदि खुली छूट दे दी जाए तो ऐसे अपराधियों को सबक सिखाने में देर नहीं लगेगी, लेकिन भाजपा सत्ता सीन भाजपा के बड़े नेताओं के दबाव के चलते पुलिस उदासीनता देखी जा रही है।

श्री सोनी ने आगे कहा कि हत्या हत्या का प्रयास बलात्कार लूटपाट चोरी छेड़छाड़ जैसी बातें को आम हो गई है। वहीं सबसे बड़ी चिंता की बात माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण मिलना है। अगर भाजपा एक ओर से सुशासन की बात करती है और दूसरे ओर अपराधियों विशेष खनिज और वन उपज माफियाओं को संरक्षण देती है तो यह अच्छी बात नहीं है। ज्यादा नहीं सिर्फ दो महीने तक के अखबारों को ही पलट कर देखें तो अपराधों के बढ़ने का प्रमाण मिल जाएगा। जिसमें सत्ता पक्ष की दबाव की भी बात उभर कर सामने आई है। अगर कांग्रेस की ओर से सत्ता पक्ष पर कांग्रेस का दबाव नहीं होता तो अपराधों का बोलबाला कई गुना ज्यादा होता।

# गुड़ाखू लाईन में हुए अतिक्रमण पर प्रशासन का चला बुलडोजर






- आज यातायात सुदृढ़ करने प्रशासन ने समझाईस के बाद गुड़ाखु लाईन में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही
- दुकान के बाहर रखे सामान जप्त कर अतिरिक्त लगे शेड तोड़े

राजनांदगांव (दावा)। शहर के बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा सुगम आवागमन के लिए प्रशासन अभियान चला रही है। जिसके परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के निर्देश पर प्रशासन ने दो बार चेम्बर ऑफकामर्स तथा व्यापारियों की बैठक लेकर चर्चा किए और कल प्रशासन की टीम शहर के प्रमुख मार्गो में जाकर दुकान की सीमा में समान रखने व अतिक्रमण हटाने समझाईस दिए थे। समझाईस उपरांत अवमानना पर आज नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एस.डी.एम. खेमलाल वर्मा, सी.एस.पी. पुष्पेन्द्र नायक, तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव सहित प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ आज गुड़ाखु लाईन क्षेत्र में स्वयं निरीक्षण कर कार्यवाही किए।

उल्लेखनीय है कि शहर के व्यस्तम मार्गो तथा बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों द्वारा समान बाहर रखकर एवं समान बाहर लटकाकर व्यवसाय किया जाता है, तथा शेड निकाला जाता है। जिससे यातायात बाधित होती है, आवगमन में असुविधा होती है। इन्ही बातों को ध्यान में रखकर प्रशासन ने यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने तथा बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया और कलेक्टर के निर्देश पर व्यापारियों की मिटिंग लेकर चर्चा की गई और शहर में भ्रमण कर व्यापारियों को समझाईस भी दी गई। समझाईस उपरांत गुड़ाखु लाईन का निरीक्षण करने पर व्यवस्था में सुधार नही पाया गया। अतः व्यवस्था सुधारने आज प्रशासन द्वारा गुड़ाखु लाईन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया गया।

गुड़ाखु लाईन क्षेत्र में आज निरीक्षण के दौरान रोड के दोनो ओर दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर समान रखा पाया गया वही कई दुकानदारों का समान बाहर लटका पाया गया। कुछ के द्वारा तो दुकान के बाहर लम्बा चौड़ा शेड भी लगाया था। जिस पर आज प्रशासन के प्रमुख अधिकारी दल-बल के साथ गुड़ाखु लाईन तथा आजाद चौक के दुकाने जहाँ दुकान के बाहर समान रखा गया था, उनका समान जप्ती की कार्यवाही कर दुकान के बाहर लगे शेड मानव बल एवं जेसीबी से हटाया। कार्यवाही के दौरान कुछ दुकानदारों ने स्वयं समान हटाया, जिनका समान नही हटा था उनका समान प्रशासन के टीम ने हटाई।

कुछ दुकानदारों द्वारा विरोध करने पर निगम आयुक्त, एसडीएम, सीएसपी एवं तहसीलदार अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों को समझाईस दिए है कि, शहर के बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने सहयोग करें। दुकानों के बाहर समान रखने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा समान खरीदी करने वाले पार्किंग के अभाव तथा दुकान में खड़े होने की जगह नही होने पर खरीददारी करने भी नही आते, जिसे कारण व्यापार में भी असर होता है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर आप सब को सहयोग करना है। आपके सहयोग से ही दुर्घटना को रोका जा सकता है। उन्होने शहर के बाजार क्षेत्र के व्यापारियों से कहा है कि, समान दुकान की सीमा में रखे अतिक्रमण न करें। अपालन पर प्रशासन की टीम समान जप्ती एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करेंगी। उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## प्यारेलाल चौक में चाकूबाजी कर प्राणघातक हमला करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार, रिमांड पर भेजा गया जेल

राजनांदगांव (दावा)। शहर के ठाकुर प्यारेलाल चौक समीप फ्लाई ओवर के नीचे शुक्रवार की शाम चाकू बाजी की हुई घटना के 6 आरोपी धर लिए गए हैं। पुलिस ने उनके पास घटना में प्रयुक्त 3 नग लोहे के धारदार चाकू, एक मोटर साइकिल व एक स्कूटी को जब्त किया है।

कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार को शहर में हुई चाकूबाजी के चलते एक युवक पर किया गया जान लेवा प्रहार के सभी आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें धर दबोच लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि चाकूबाजी के सभी आरोपी को न्यायालय में पेश कर उन्हें रिमांड पर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है।



कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लोहे के 3 धारदार चाकू एक मोटर सायकल व स्कूटी किया जप्त

### वाद-विवाद के चलते हुई चाकूबाजी की घटना

कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया बताया कि शुक्रवार 4 जुलाई को शांतिनगर नगर वार्ड नं. 10 निवासी प्रार्थी मो. यासीन शेख पिता स्व. अहमद शेख उम्र 55 वर्ष ने कोतवाली थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 जुलाई को इसका पुत्र महफूज अपने मित्र शैलेन्द्र से मिलने त्रिवेणी संगम गया था, जहां शैलेन्द्र ने निखिल रामटेके से बात करना है, बात कराओं कहने पर महफूज ने अपने मोबाईल से शैलेन्द्र को निखिल से बात कराया, जिसमें शैलेन्द्र एवं निखिल रामटेके के बीच मोबाईल में वाद-विवाद हुआ, उसके बाद महफूज वहां से वापस अपने घर शांति नगर लौट रहा था, कि करीब साढ़े 4 बजे घटना स्थल प्यारेलाल चौक ओव्हर ब्रीज के नीचे में दो मोटर सायकल में सवार सोहेल मियां, कस्तु साहू, भास्कर खान, दक्ष पीटर, मारूफखान एवं निखिल रामटेके आकर इसके पुत्र महफूज के साथ वाद- विवाद कर एक राय होकर हत्या करने की गरज से अपने पास रखे चाकू से इसके पुत्र महफूज की नाक, ओंठ, कुल्हे पर वारकर प्राणघातक हमला करने की बात कही।

प्रार्थी के उक्त रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अप.क्र. 338/25 धारा 191 (2), 191 (3), 190, 109 भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायमी से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

### घेराबंदी कर पकड़े गए सभी आरोपी

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में तथा उनके नेतृत्व में तत्काल टीम गठित कर आरोपी भास्कर खान पिता मुजीब खान उम्र 25 वर्ष पता दिनदयाल नगर वार्ड नंबर 6 चिखली, मोहम्मद सोहेल रजा पिता मोहम्मद हारूण उम्र 30 वर्ष पता स्टेशन पारा वार्ड नंबर 10 चिखली, मारूफ खान पिता दाउद खान उम्र 18 वर्ष 3 माह 10 दिन पता स्टेशन पारा वार्ड नंबर 12 अलीम सिद्दीकी गली, तक्ष पीटर पिता बैनाडिस्क पीटर उम्र 19 वर्ष पता शिक्षक नगर स्टेशन पारा वार्ड नंबर 3, निखिल रामटेके पिता नरेश रामटेके उम्र 22 वर्ष पता स्टेशन पारा एवं कौशलेन्द्र साहू उर्फ कस्तू पिता मोहन लाल साहू उम्र 22 वर्ष पता बोरसी चौक दुर्ग की पतासाजी कर तथा उनकी घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा गया।

कोतवाली थाना प्रभारी श्री ठाकुर ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का धारदार 3 नग चाकू एवं एक बिना नंबर का मोटर सायकल व एक स्कूटी क्रमांक सीजी-08/बीए-2906 को जप्त कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल वारंट प्राप्त होने पर सभी को जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

## उज्जैन की तर्ज पर संस्कारधानी में निकलेगी महाकाल पालकी यात्रा

राजनांदगांव (दावा)। आगामी 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव के साथ आषाढ़ की विदाई हो जाएगी, फिर 11 जुलाई से सावन शुरू हो रहा है। शिव जी के पावन महीने में सृष्टि का कार्यभार भगवान विष्णु, शंकर को सौंप देते हैं। जिसमें प्रत्येक सोमवार को महाकाल की पालकी यात्रा महाकाल के भक्तों द्वारा निकले जाने की भव्य तैयारी की जा रही है।

उक्त संबंध में महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव, खैरागढ़, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, बोदला, पारीकला पालकी यात्रा राजनांदगांव शहर के विभिन्न मार्गो में भ्रमण करेगी। इस दौरान एक से बढ़कर एक बाजे गाजे की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें महाकाल के भक्त धार्मिक और पारंपरिक वेशभूषा धोती कुर्ता में नजर आएंगे। प्रथम यात्रा दिनांक 14.7.25 दिन सोमवार प्रारंभ नंदई हाट बाजार, नंदई चौक, इंदिरानगर चौक, बांसपाई पारा चौक, दुर्गा चौक, गांधी चौक, महाकाल चौक, आजाद चौक, गुड़ाखूँ लाइन, गोल बाजार, लक्ष्मी मंदिर, हमाल पारा में विश्राम, द्वितीय यात्रा दिनांक 21.07.25 दिन सोमवार प्रारंभ क्लब चौक बसंतपुर, महामाया चौक, गांधी नगर, महेश नगर, कमला कॉलेज चौक, रेस्ट हॉउस मार्ग, प्रभात नगर, लालबाग सिंधु भवन में विश्राम, तृतीय सोमवार यात्रा प्रारंभ दिनांक 28.07.2025 ढाबा, शांतिनगर चिखली, स्टेशन पारा, गौरी नगर विश्राम। चतुर्थ सोमवार यात्रा 04.08.25 शाही पालकी यात्रा सिद्ध पीठ मां शीतला माता मंदिर, फौव्वारा चौक जमात पारा, महाकाल चौक, आजाद चौक, महेश पथ, लोहार पारा, माँ काली शक्ति पीठ, बस स्टैण्ड, भरकापारा विश्राम। पंचम सोमवार 11.8.25 मोहड, सिंगदई, हल्दी, सिंगोला, माँ भानेश्वरी मंदिर में मठपारा विश्राम। दिनांक 31.7.2025 दिन गुरुवार मोतीपूर, ममता नगर, तुलसीपुर, लेबर कालोनी, संगम चौक तुलसीपुर विश्राम करेंगे। गौरीनगर से भी भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी।



सावन में शिव मय होने जा रहा राजनांदगांव शहर

## होलसेल क्लॉथ एंड रेडीमेड एसोसिएशन सिटी सेंटर का गठन



अरुण डुलानी अध्यक्ष, महासचिव बने महेंद्र जैन

राजनांदगांव (दावा)। होलसेल क्लॉथ एंड रेडीमेड एसोसिएशन सिटी सेंटर जी.ई. रोड (राम मंदिर के पास) का गठन सर्वसम्मति से किया गया है। इस अवसर पर अरुण डुलानी को अध्यक्ष चुना गया। श्री डुलानी प्रतिष्ठित फर्म श्री गोविंदराम गिरधारीमल के प्रोप्राइटर हैं, जो वर्ष 1961 से कपड़ा व्यवसाय में सक्रिय हैं। महासचिव- महेंद्र जैन, मनोहर कुमार, महेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष- रमेश खत्री एमआर टेक्सटाइल, टिकम पारख अजय टेक्सटाइल, कोषाध्यक्ष- प्रकाश कोठारी ओसवाल सिंथेटिक्स, सचिव- प्रतीक कवड़ गिरधारीलाल केवलचंद, सलाहकार राजकुमार डुलानी संजय ब्रदर्स, दयाल बजाज दिनेश हैंडलूम, अशोक पारख अजय टेक्सटाइल, कार्यकारिणी सदस्यगण दीपक कोठारी ओसवाल फैब, शिवकुमार संचेती प्रेम कटपीस, अमित सुराना अरविंद वस्त्र भंडार, मनोज कवड़ शिखर कटपीस, निशित जैन GK Mart, प्रकाश चांदवानी प्रकाश फैशन, राजा सुखेजा राजा ब्रदर्स, संजय डुलानी-संजय कुमार-अनिल कुमार-रमेश गिडवानी कृष्णा क्लॉथ, प्रेमचंद जैन-ज्ञानचंद-प्रेमचंद-श्याम अग्रवाल श्याम एजेंसी, संतोष बैद-अशोक वस्त्र भंडार, भोजराज बजाज दिनेश गारमेंट, पवन कुमार भवनानी-पवन गारमेंट, संतराम सिन्हा-छत्तीसगढ़ ट्रेडिंग, जितेन्द्र जैन-अनंत एंटरप्राइजेस, गोपाल खत्री- लक्ष्मी रेडीमेड, संजय जैन- मोना कटपीस, अनिल जैन-संजय क्लॉथ स्टोर, हर्ष बैद-विराज इंटरप्राइजेस, कबीर सुखीजा-सीजी टेक्सटाइल आदि है।

नवगठित कार्यकारिणी का उद्देश्य व्यापारियों के हितों की रक्षा करना, आपसी समन्वय को बढ़ावा देना तथा सिटी सेंटर के कपड़ा बाजार को और अधिक संगठित, सशक्त और आधुनिक बनाना है। होलसेल क्लॉथ एंड रेडीमेड एसोसिएशन सिटी सेंटर राम मंदिर के पास में बन रहा है।


प्रवेश प्रारंभ

श्री देव आनंद जैन शिक्षण संघ

जी.ई. रोड, वर्धमान नगर, राजनांदगांव संचालित

श्री देव आनंद जैन शिक्षा मंदिर, मो. 9098837101

हिन्दी माध्यम- नर्सरी से कक्षा 12वीं तक

कृषि संकाय, बायो, गणित, कला संकाय

श्री देव आनंद जैन पब्लिक स्कूल, मो. 9893067917

अंग्रेजी माध्यम प्री-नर्सरी से कक्षा 12वीं तक

कॉमर्स, बायो, गणित

सत्र 2025 में नये प्रवेशी छात्र-छात्राओं को सत्रान्त तक 10 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जावेगी एवं बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों को नि:शुल्क व्यवस्था शुल्क में अध्ययन करवाया जावेगा।


## शहर में धूमधाम के साथ हुआ जैन मुनियों का मंगल प्रवेश

### जैन मुनियों के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब, स्थानीय जैन बगीचे में व्यतीत होगा चातुर्मास

राजनांदगांव (दावा)। शहर में शनिवार 5 जुलाई को पूज्य जैन मुनियों का मंगल आगमन हुआ। इस दौरान जैन मुनियों के स्वागत में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में जैन धर्म के नर-नारियां गायत्री शक्तिपीठ समीप दिल्ली दरवाजे के पास पूज्य जैन मुनियों के स्वागत में पलक पांवड़े बिछाए रहे। पूज्य जैन मुनियो के शहर में मंगल प्रवेश होते हैं बाजे गाजे के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं द्वारा नवकार मंत्र का गान जैन मुनियों की स्तुति करते हुए करते हुए वातावरण को धर्म मय बनाया गया।



पूज्य जैन मुनियों का धूमधाम के साथ मंगल प्रवेश के दौरान नगर भ्रमण कर उन्हें जैन बगीचा ले जाया गया जहां वे चातुर्मास भर रह कर प्रति सप्ताह गुरुवार के दिन लोगों के कल्याण के लिए विशेष प्रवचन देंगे। पूज्य जैन मुनियों द्वारा भारतीय संस्कृति व सभ्यता पर भी रामायण कथा की जाएगी। इस दौरान समाज के अध्यक्ष मनोज बैद, सुरेश गांधी, प्रदीप गोलछा, जैनम बैद, ऋषभ नाहटा जैनम लूनिया, पियुष बैद, राजकुमार बैद सहित समाज के गणमान्य जनों सहित बड़ी संख्या जैन समाज के अबाल वृद्धों व नर-नारियों की उपस्थिति रही।

## न्यू लुक बायो फ्यूल्स कंपनी द्वारा अवैध पाईप लाईन बिछाने का ग्रामीणों ने किया जबरदस्त विरोध प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम फुलझर में न्यू लुक बायोफ्यूल्स कंपनी द्वारा कोपेडीह जलाशय से पाइप लाइन के जरिए अवैध जल आपूर्ति को लेकर शनिवार को बड़ा विरोध दर्ज किया गया। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू और युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार के नेतृत्व में टेडेसरा सहित आसपास के दर्जनों गांवों के सैकड़ों ग्रामीण विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी द्वारा अवैध तरीके से पाइपलाइन बिछाकर किसानों के हिस्से का पानी उद्योग को पहुंचाया जा रहा है, जिससे खेती प्रभावित होगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों एवं कंपनी प्रबंधक के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन उग्र रूप ले सकता है। भागवत साहू ने कहा कि पाइपलाइन मामले में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलीभगत से काम कर रहे हैं।



कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में उठी जांच और एफआईआर की मांग

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त जनप्रतिनिधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। प्रशासन को कई बार ज्ञापन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

जितेन्द्र मुदलियार ने कहा कि हाल ही में तथाकथित वायरल ऑडियो में भाजपा नेताओं द्वारा कथित रूप से रिश्वत लेने की बात सामने आई है, जिससे स्पष्ट होता है कि पूरे प्रकरण में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और फैक्ट्री संचालक के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने की मांग की। श्री मुदलियार ने कहा कि कोपेडीह और टेडेसरा के सरपंचों पर तथाकथित वायरल ऑडियो में लेन देन का मामला सामने आया है, जिसकी जांच होनी चाहिए, और दोषी पाये जाने पर उनकी सदस्यता समाप्त करनी चाहिए, जिससे लोगों पर प्रजातंत्र पर विश्वास मजबूत होगा।

विरोध प्रदर्शन में देवलाल साहू, श्रीमती दानी साहू, टीकम साहू, सोमनाथ निषाद, दयाराम नेताम, मानसिंग साहू, परस साहू, कृष्णा देव, बोधीराम साहू, ललित कुमरे, टिंकू साहू, मोहनीस धनकर, लक्की धनकर, सुनील कोठारी, रामेश्वर साहू, लेख टंडन, विक्की साहू, छोटू साहू, कमल साहू, नरेन्द्र भारती, मोरध्वज साव, अजीत सिन्हा, हेमचंद यादव, अवध सिन्हा, भूपेन्द्र साहू, नेमचंद साहू, चेतन भानुशाली, राजिक सोलंकी, राकेश चंद्राकर, विरेन्द्र चंद्राकर, अमित कुशवाहा, लोकू यादव, मनीष सावरकर, शेख आसिफ, सोनू साहू, ऋषभ जैन, आदित्य वैष्णव, राजा चौहान सहित बडी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को चेताया कि यदि पाइपलाइन और जल दोहन पर शीघ्र रोक नहीं लगाई गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## एआईओसीडी के उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने परिवार कल्याण मंत्री से की भेंट



बिलासपुर (दावा)। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से उनके निवास पर बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) में भेंट की।

### जीएसआर 220 और ऑनलाइन दवाओं की बिक्री

प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से जीएसआर220 अधिसूचना का मुद्दा उठाया, जिसे कोविड-19 महामारी के दौरान लागू किया गया था। चूंकि वर्तमान में ऐसी किसी महामारी की कोई संभावना नहीं है, यह अधिसूचना अब अप्रासंगिक हो गई है। इसके बावजूद, कुछ अवैध दवा विक्रेता (ड्रग पेडलर्स) इस नियम की आड़ में अनाधिकृत और अवैध गतिविधियाँ संचालित कर रहे हैं, जो कानून का उल्लंघन है और जन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है।

प्रतिनिधियों ने यह भी स्पष्ट किया कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट, 1940 तथा नियमावली में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद, कुछ ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म बिना लाइसेंस के दवाओं की बिक्री कर रहे हैं, जो कि पूरी तरह अवैध और उपभोक्ताओं के लिए असुरक्षित है। जबकि दूसरी ओर, देशभर के 13 लाख पंजीकृत केमिस्ट सभी नियमों के तहत कार्य करते हैं, विशेष रूप से एनआरएक्स (शेड्यूल ।।) और साइकोट्रॉपिक दवाओं की बिक्री में। इसके बावजूद, उन्हें अनावश्यक निरीक्षणों और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जबकि असली दोषियों पर पर्याप्त कार्रवाई नहीं होती। प्रतिनिधिमंडल ने चार मुख्य माँगें रखी जिसमें जीएसआर 220 को निरस्त किया जाए या यथोचित संशोधन किया जाए। 2. ऑनलाइन दवा बिक्री, जो कि कानूनन मान्य नहीं है, पर स्पष्ट और पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। 3. नियमों के अनुसार कार्य कर रहे लाइसेंस प्राप्त केमिस्टों को अनावश्यक जांच और उत्पीड़न से राहत दी जाए। 4. अवैध दवा विक्रेताओं और गैर-लाइसेंसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के विरुद्ध कड़ी और शीघ्र कार्रवाई की जाए।

प्रतिनिधिमंडल में जगन्नाथ शिंदे, अध्यक्ष एआईओसीडी, राजीव सिंघल, महासचिव, संदीप नंगिया, संगठन मंत्री, अविनाश अग्रवाल, संयुक्त सचिव एवं महासचिव सीसीडीए, अमित गर्ग, कोषाध्यक्ष, वैजनाथ जगुस्ते, उपाध्यक्ष, संजीव पंडित, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश केमिस्ट एसोसिएशन अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### सुरक्षा में भूमिका

एआईओसीडी प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री जी को यह आश्वस्त किया कि देश के सभी लाइसेंस प्राप्त केमिस्ट सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का पूर्ण पालन करते हैं और दवा वितरण की श्रृंखला में जन स्वास्थ्य के विश्वसनीय प्रहरी की भूमिका निभा रहे हैं। उपरोक्त जानकारी जिला दवा विक्रेता संघ के सचिव दशरथ प्रसाद शर्मा ने दी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com